फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 338 प्रभात जयपुर, सोमवार 10 जुलाई , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू
epaper.rashtradoot.com
# राष्ट्रदूत
Metro
Rashtradoot

ARBIT



Gen Hanut Converted "Kanwaron Bhawron ki Regiment", into the Poona Horse

He had instructed that I get posted to his C Squadron, it amazed me that being just a Captain he was exercising so much authority.

Weather-proof Hairstyles

Rain-proof your looks! Here are the updos you can try out



*कोस्टा रीका के पश्चिमी तट के पास शोधकर्ताओं ने एक दुर्लभ, ''डीप सी ऑक्टोपस नर्सरी'' की खोज की है, जिसमें कुछ अण्डों को तो मदर ऑक्टोपस से रही थीं और कुछ से ऑक्टोपस बच्चे बाहर आ चुके थे। खोज करने वाली, श्मिट ओशन इन्स्टिट्यूट की टीम ने इस बात की भी पुष्टि की कि, डीप सी ऑक्टोपस के इकट्ठे होने के एक और स्थान पर प्रजनन गतिविधियाँ हो रही हैं। इस स्थान के बारे में शोधकर्ताओं को पहले से जानकारी है। इन दो नई खोजों से पूर्व, वैज्ञानिकों को केवल एक डीप-सी ऑक्टोपस नर्सरी के बारे में पता था, जो कैलिफोर्निया के तट के पास है। इन्स्टिट्यूट की एग्ज़ीक्यूटिव डायरैक्टर ज्योतिका विरमानी ने कहा, ''नई रिसर्च साबित करती है कि, समुद्र के बारे में अभी और कितना अधिक जानना बाकी है। कोस्टा रीका के पास जो डीप सी है वो मनुष्य की कल्पना से परे है। इसकी जो शानदार फुटेज हमें मिली है उसमें ऑक्टोपस के बच्चे और खूबसूरत कोरल गार्डन नज़र आ रहे हैं।'' गत माह 18 अन्तर्राष्ट्रीय शोधकर्ता श्मिट ओशन इन्स्टिट्यूट के शोध जहाज ''फालकोर'' पर, पैसिफिक ओशन में अन्डरवॉटर माउन्टेन्स का अध्ययन करने के लिए एक अभियान पर निकले थे और उनका मुख्य फोकस था डोराडो आउटक्रॉप। फुटबॉल फील्ड साइज़ के इस क्षेत्र में सन् 2013 में शोधकर्ताओं ने, अण्डे सेने के लिए एकत्रित हो रही मादा ऑक्टोपस देखी थीं। लेकिन, उन्हें विकसित हो रहे एम्ब्रीओ (भ्रूण) नज़र नहीं आए थे। चूँकि यह स्थान, 54 डिग्री फैरनहाइट तापमान का पानी छोड़ने वाले एक हाइड्रोथर्मल वैन्ट (सुराख) के पास था इसलिए वैज्ञानिकों ने सोचा कि, ऑक्टोपस ग्रोथ के लिए यह स्थान बहुत अधिक गर्म है। क्योंकि, सामान्य तौर पर ऑक्टोपस ठण्डे, डीप सी क्षेत्र में रहना पसंद करते हैं। लेकिन, गत माह रिमोट से चलने वाले एक अन्डरवॉटर वाहन के माध्यम से वैज्ञानिकों को डोराडो आउटक्रॉप के जो वीडियो फुटेज मिले उनमें अण्डों से निकलते ऑक्टोपस बच्चे दिखाई दिए। इसके अलावा एक अन्य स्थान पर भी यह दृश्य नज़र आया, जहाँ पहले अध्ययन नहीं हुआ था। अभियान का सह नेतृत्व कर रही, बैथ ऑरकट ने कहा, ''समुद्र तल पर लाइव बेबी ऑक्टोपस देखकर हम दंग रह गए।'' डीप सी ऑक्टोपस मादाओं को बहुत लंबे समय तक अण्डों को सेना पड़ता है। एक केस में तो एक ऑक्टोपस ने चार साल तक अण्डे सेने का काम किया। इस लंबे अंतराल में मादा ऑक्टोपस को अपने अण्डे साफ सुथरे और परभक्षियों से बचाकर रखने होते हैं। इतना ही नहीं, इस काल में मादाएं बहुत कम खाती हैं -या बिल्कुल नहीं खातीं -और अंततः केवल एक बार अण्डे देने के बाद स्वयं खत्म हो जाती हैं।*

# कैनेडा में खालीस्तानी व भारतीय आमने-सामने, भारतीयों ने तिरंगा हाथ में लेकर प्रदर्शन किया

## खालिस्तानी समर्थकों ने अमेरिका, ब्रिटेन और कैनेडा में एक साथ ''किल भारत'' रैली निकालने की घोषणा की थी तथा इंडियन कॉन्सुलेट्स के बाहर जमा हुये थे

- **खालिस्तानी समर्थकों के हाथ में हरदीप सिंह निज्जर का पोस्टर था, जिसकी गत 18 जून को कोलंबिया में हत्या कर दी गई थी। खालिस्तानी समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के विरोध में लगातार प्रदर्शन कर रहे हैं।**
- **खालिस्तानी समर्थकों ने कैनेडा में प्रदर्शन की शुरुआत करते हुए भारत माता मंदिर के बाहर अपना पोस्टर लगा दिया था। इस पर ''वॉर जोन'' लिखा हुआ था। खालिस्तानियों के पोस्टरों में भारतीय डिप्लोमैट्स की तस्वीर थी, जिन्हें निज्जर की हत्या का दोषी बताया गया था।**

ओटावा, 9 जुलाई। कैनेडा में इंडियन कॉन्सुलेट के बाहर करीब 250 खालिस्तानी प्रदर्शनकारियों ने झंडे लहराए और नारे भी लगाए। इसके जवाब में भारतीय समुदाय के लोग भी तिरंगा लेकर वहां मौजूद रहे।

उन्होंने भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाए। इस दौरान उनके हाथ में तख्ती पर ''खालिस्तानी सिख नहीं होते'' आदि स्लोगन लिखे हुए थे। भारतवंशियों के प्रदर्शन और नारेबाजी के आगे खालिस्तानियों की रैली फीकी पड़ गई। प्रदर्शन के दौरान दोनों पक्ष के समर्थक आमने-सामने नजर आए।

बता दें कि खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद खालिस्तानी समर्थकों ने 8 जुलाई को अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा में किल भारत रैली निकालने की घोषणा की थी।

खालिस्तानी समर्थकों ने कनाडा में प्रदर्शन की शुरुआत करते हुए भारत माता मंदिर के बाहर अपना पोस्टर लगा दिया था। इस पर वॉर जोन लिखा हुआ था। पोस्टर में भारतीय डिप्लोमैट्स की तस्वीर थी, जिन्हें निज्जर की हत्या का दोषी बताया गया था।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, खालिस्तानियों के प्रदर्शन का नेतृत्व आतंकी गुरुपतवंत सिंह पन्नू और परमजीत सिंह पम्मा ने किया था। इन पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आई.एस.आई.एस. से फंडिंग लेने का आरोप है। खालिस्तानी समर्थकों के हाथ में हरदीप सिंह निज्जर का पोस्टर था, जिसकी 18 जून को कोलंबिया में हत्या कर दी गई थी।

दूसरी तरफ, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में भारतीय दूतावासों के बाहर भीड़ इकट्ठा ही नहीं हो पाई। लंदन में भारतीय हाईकमीशन के बाहर करीब 30-40 खालिस्तानी समर्थक झंडे लिए नजर आए।

आतंकवादी परमजीत सिंह पम्मा ने इसका नेतृत्व किया। इस दौरान पुलिस बल भी वहां मौजूद रहा। हालांकि, आतंकी पम्मा के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया। भीड़ नहीं जुटने की वजह से ये प्रदर्शन तय समय से पहले ही खत्म हो गया।

खालिस्तान के नारे लगाते हुए भारत में अलग देश की मांग करने वाले खालिस्तानी समर्थकों को अब विदेशों में मिलने वाला सपोर्ट कम होने लगा है। इसके पीछे का कारण भारत सरकार की तरफ से बनाया जा रहा दबाव और खालिस्तानी समर्थकों की तरफ से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।?
ऑटोमेटिक कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
कॉकलियर इम्पलांट, ऑटिज्म
डिले स्पीच, हकलाना, तुतलाना
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
सम्पर्क - 94602 07080

# चिराग पासवान को मोदी कैबिनेट में आने का मौका मिलेगा?

## लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान की भाजपा से इस बारे में वार्ता शुरु हो गई है

- **रविवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय से मुलाकात के बाद चिराग पासवान दिल्ली रवाना हो गए हैं। सोमवार को चिराग पासवान जे.पी. नड्डा और अमित शाह से मुलाकात कर अपनी पार्टी के लिए सीटों की मांग रखेंगे।**
- **चर्चा है कि, चिराग पासवान मोदी कैबिनेट में जगह के अलावा छः लोकसभा सीट और एक राज्यसभा सीट की शर्त भाजपा के सामने रखेंगे।**
- **चिराग पासवान और उनके चाचा पशुपति कुमार पारस के बीच दो टुकड़ों में बंटी दिवंगत रामविलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी भले ही एकसाथ एन.डी.ए. में शामिल होने जा रही है, लेकिन चाचा-भतीजे के बीच राजनीतिक घमासान अभी भी जारी है।**

नई दिल्ली, 9 जुलाई। चिराग पासवान और उनके चाचा पशुपति कुमार पारस के बीच दो टुकड़ों में बंटी दिवंगत रामविलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी एन.डी.ए. में भले ही एक साथ शामिल होने जा रही है, लेकिन चाचा-भतीजे के बीच राजनीतिक घमासान जारी है।

रविवार को चिराग पासवान ने हाजीपुर सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने का एलान कर दिया है। दूसरी तरफ पशुपति पारस की रालोजपा का कहना है कि रामविलास पासवान ने 2019 के लोकसभा चुनाव में अपने भाई पशुपति पारस को हाजीपुर से चुनाव लड़ाकर वहां की जनता का प्रतिनिधित्व करने का उत्तराधिकार उन्हें सौंप दिया था।

सूत्रों की मानें तो लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान से भाजपा की डील हो गई है। रविवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय से मुलाकात के बाद चिराग पासवान दिल्ली रवाना हो गए हैं। सोमवार को भाजपा के अध्यक्ष जे.पी. नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर अपनी पार्टी के लिए सीटों की मांग रखेंगे। कहा जा रहा है

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'फासीवादी ताकतों की साजिशों से लड़ते रहेंगे राहुल'

नई दिल्ली, 9 जुलाई (वार्ता)। कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी नेता राहुल गांधी देशवासियों की खुशहाली, शांति, कल्याण और लोकतंत्र की रक्षा के लिए निडर होकर लड़ते हैं इसलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर.एस.एस.) तथा भारतीय जनता पार्टी उनके खिलाफ

- **के. सी वेणुगोपाल ने कहा कि, राहुल लोकसभा से लेकर सड़क तक मोदी सरकार के सबसे मुखर विरोधी हैं, इसलिए उनकी लोकसभा सदस्यता छीनकर उनकी आवाज दबाने की गंदी चालें चली जा रही हैं।**

साजिश करते हैं लेकिन देश बहुत देर तक फासीवादी ताकतों को सहन नहीं करेंगे।

कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने रविवार को यहां जारी एक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# दिल्ली में बारिश का 41 साल का रिकॉर्ड टूटा, 15 जुलाई तक स्कूल बंद

## गुरुग्राम प्रशासन ने सभी कार्यालयों और निजी संस्थानों को निर्देश दिया कि, वे अपने कर्मचारियों से वर्क फ्रॉम होम करने के लिए कहें

- **मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार सुबह से जारी बरसात ने दिल्ली में 41 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। रविवार सुबह साढ़े आठ बजे तक 153 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। वर्ष 1982 के बाद यह 24 घंटे की सबसे ज्यादा बरसात है। इससे पहले 1982 में 169.9 मि.मी. बारिश हुई थी।**

नई दिल्ली, 9 जुलाई। दिल्ली सहित आसपास के शहरों में दो दिन से भारी बारिश का दौर लगातार जारी है। भारी बारिश के कारण दिल्ली के साथ-साथ गुरुग्राम, नोएडा और गजियाबाद में स्कूलों की छुट्टी का एलान कर दिया गया है। दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम में सिर्फ सोमवार की ही छुट्टी का एलान किया गया है। वहीं, गाजियाबाद में 10 जुलाई से 15 जुलाई तक की छुट्टी का एलान किया गया है।

मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार सुबह से जारी बरसात ने दिल्ली में 41 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सुबह साढ़े आठ बजे तक 153 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। वर्ष 1982 के बाद यह 24 घंटे की सबसे ज्यादा बरसात है। इससे पहले 1982 में 169.9 मि.मी. बारिश हुई थी।

बारिश को लेकर हो रही परेशानी को देखते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री ने सोमवार (10 जुलाई) को राजधानी के सभी स्कूलों की छुट्टी का एलान किया है। इसके साथ गुरुवार और गौतमबुद्ध नगर (नोएडा) जिला प्रशासन ने भी स्कूलों का अवकाश घोषित कर दिया है।

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने सोमवार को यह आदेश दिया है। सी.एम. केजरीवाल ने ट्वीट करते हुए कहा, दिल्ली में पिछले 2 दिनों से हो रही मूसलाधार बरसात और मौसम विभाग की चेतावनियों को ध्यान में रखते हुए कल दिल्ली के सभी स्कूलों को एक दिन के लिए बंद किया जा रहा है।

गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी ने भी भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए 10 जुलाई को 12वीं तक के स्कूल बंद करने के आदेश जारी किए हैं। इसके साथ ही गुरुग्राम जिला प्रशासन ने एक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'भारत जल्द ही चंद्रयान मिशन पूरा करेगा'

नई दिल्ली, 9 जुलाई (वार्ता)। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि अंतरिक्ष क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करने के बाद भारत चंद्रमा पर जाने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता तथा चंद्रयान-3 मिशन की सफलता से भारत जल्द ही चंद्रमा पर यान उतारने वाला चौथा देश बन जाएगा।

सिंह ने कहा कि चंद्रयान-3 को इस सप्ताह श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया जाएगा। अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आज भारत की पहचान ऐसे देश के रूप में की जा रही है जो दशकों पहले अंतरिक्ष के क्षेत्र में अपना परचम लहरा चुके देशों का सहयोगी है।

- **केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा है कि, भारत चंद्रमा पर जाने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकता तथा चंद्रयान-3 मिशन की सफलता से भारत जल्द ही चंद्रमा पर यान उतारने वाला चौथा देश बन जाएगा।**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसार डॉ. सिंह ने रविवार को एक साक्षात्कार में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन-काल में अंतरिक्ष मामले में बड़ी विशेषज्ञता हासिल करने के बाद, भारत चंद्रमा पर जाने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता।

उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन का उद्देश्य चंद्रमा अथवा चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग और रोविंग में भारत की क्षमता का प्रदर्शन करना है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष यान को चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश के लिए आवश्यक जटिल मिशन प्रोफ़ाइल को बहुत सटीक तरीके से क्रियान्वित किया गया है। चंद्रमा की सतह पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बंगाल में पंचायत चुनाव की तारीख की घोषणा से अब तक हिंसा में 35 लोगों की मौत

## राज्य में तीन चरणों में हो रहे पंचायत चुनाव के पहले चरण के दौरान (शनिवार को) विभिन्न हिस्सों में बेलगाम हिंसा देखी गई

- **चुनाव के बाद शनिवार को हुई हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 17 हो चुकी है। मारे गये लोगों में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्ष दोनों के प्रति निष्ठा रखने वाले कई कार्यकर्ता शामिल हैं।**

कोलकाता, 9 जुलाई (वार्ता)। पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव की घोषणा से चुनाव बाद हिंसा की घटनाओं में कम से कम 35 लोग मारे जा चुके हैं।

राज्य में शनिवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान विभिन्न हिस्सों में बेलगाम हिंसा देखी गई और चुनाव के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 17 हो गई। मारे गये लोगों में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्ष दोनों के प्रति निष्ठा रखने वाले कार्यकर्ता शामिल हैं।

एक उम्मीदवार सहित तृणमूल कांग्रेस के सबसे अधिक नौ कार्यकर्ता मारे गए जबकि विपक्षी कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के दो-दो, भारतीय जनता पार्टी का एक और एक अन्य मतदाता मतदान के दौरान हिंसक घटनाओं का शिकार हो गया।

मालदा और दक्षिण 24 परगना में चुनाव के बाद हुई हिंसा में तृणमूल कांग्रेस के दो कार्यकर्ताओं की जान चली गई। इस तरह चुनाव और इसके बाद हुई हिंसा में मारे गये तृणमूल कार्यकर्ताओं की संख्या बढ़कर 11 हो गयी।

मुर्शिदाबाद जिला चुनावी हिसा का केंद्र रहा। इसके अलावा मालदा, उत्तर दिनाजपुर और कूच बिहार के अलावा नादिया तथा उत्तर व दक्षिण 24 परगना हिंसक घटनाओं से प्रभावित थे।

शनिवार को चुनाव ड्यूटी से लौटते समय एक डी.एस.पी. रैंक के अधिकारी पर भी हमला किया गया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके साथ ही पंचायत चुनाव की तारीख घोषित होने के बाद से मारे गए लोगों की कुल संख्या 35 हो गई है।

कांग्रेस सांसद अधीर चौधरी उस समय उग्र हो गए जब वह मीडियाकर्मियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने शनिवार को जो कुछ हुआ उसके लिए मुख्यमंत्री एवं तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साधा और हिंसा पर अंकुश लगाने में विफल रहने के लिए राज्य चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा की जमकर आलोचना की।

शनिवार की अभूतपूर्व हिंसा के विरोध में प्रदेश भाजपा ने रविवार को सड़क जाम किया, टायर जलाए और जुलूस निकाला।

राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने उत्तर 24 परगना और नादिया के कुछ हिंसा प्रभावित इलाकों का दौरा किया जहां उन्होंने शनिवार को एक घायल व्यक्ति के परिवार से मुलाकात की। उन्होंने कहा, मैं वह सब करूंगा जो एक राज्यपाल से अपेक्षित है।

राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर बेहद असंतोष व्यक्त करते हुए बोस ने कहा, बड़ी चिंता का विषय है। मैं सुबह से ही इलाके में हूं। लोगों ने मुझ से अनुरोध किया और रास्ते में मेरा काफिला रोक दिया। उन्होंने मुझे हत्याओं के बारे में बताया जो उनके आसपास हो रही है। उन्होंने मुझे बताया कि कैसे गुंडे उन्हें मतदान केंद्रों पर जाने नहीं दे रहे हैं। यह हम सभी के लिए बहुत चिंता का विषय है। यह लोकतंत्र के लिए सबसे पवित्र दिन है। चुनाव मतपत्रों से होना चाहिए, गोलियों से नहीं।

राज्यपाल ने अस्पताल में घायल व्यक्ति से भी मुलाकात की और पीड़ित को कोलकाता बेस अस्पताल में स्थानांतरित करने की व्यवस्था की।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तीर्थयात्रियों की बस गंगा में बही, छः यात्री लापता

देहरादून, 9 जुलाई (वार्ता)। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा पर आए विभिन्न राज्यों के तीर्थयात्रियों से भरा एक वाहन रविवार सुबह गंगा नदी में गिर गया। हादसे के बाद पांच लोगों को बाहर निकाल लिया गया, जबकि छह यात्री अभी लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक टिहरी गढ़वाल, नवनीत सिंह भुल्लर ने बताया कि आज

- **उत्तराखण्ड में यह हादसा हुआ, बस में 11 से अधिक तीर्थयात्री सवार थे।**

तड़के 3 बजे चौकी ब्यासी, थाना मुनि की रेती पर सूचना प्राप्त हुई कि एक वाहन जो सोनप्रयाग से ऋषिकेश आ रहा थी, मालाकुंती पुल से होटल आनंद काशी के बीच में राष्ट्रीय राजमार्ग से नीचे गहरी खाई में गिर गया है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद तत्काल थाना पुलिस और एस.डी.आर.एफ. द्वारा मौके पर पहुंचकर, गंगा नदी से पांच

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**निरंतर विकास जीवन का एक नियम है। और जो भी व्यक्ति खुद को सही दिखाने के लिए अपनी रूढ़िवादिता को बरकरार रखने की कोशिश करता है वो खुद को एक गलत स्थिति में पंहुचा देता है। –महात्मा गांधी**

# मोसे छल किये जाए.....

सबसे पहले यह बात स्पष्ट कर दूं कि न तो मैं इसी शीर्षक से बने एक धारावाहिक की बात करने वाला हूं और न ही इस मुखड़े वाले एक बेहद लोकप्रिय फ़िल्मी गाने की। मैं बात कर रहा हूं उन नए तौर तरीकों की जो आपको हमें छलने के लिए काम में लिये जाने लगे हैं! पिछले कुछ बरसों में परिवर्तन की गति बहुत तेज़ हुई है। विख्यात भविष्यवादी और अंतरराष्ट्रीय बेस्ट सेलर किताब **'द सिंगुलरिटी इज़ नियर'** के लेखक रे कुर्ज़वील ने दो टूक शब्दों में कहा है कि परिवर्तन की गति हर दशक में तेज़ होती जा रही है। उनके अनुमान के अनुसार अब से बीस वर्षों में परिवर्तन की दर आज की तुलना में चार गुना ज़्यादा होगी। वे एक बहुत चौंकाने वाली बात कहते हैं। वे कहते हैं कि हम इस सदी में बीस हज़ार वर्षों का परिवर्तन देख लेंगे।

ये बदलाव सभी स्तरों पर हो रहे हैं। जैसा मैंने पहले भी कहा है, अब बदलावों की गति बहुत तेज़ हो गई है इसलिए हमें बदलाव बहुत साफ़ नज़र भी आ जाते हैं। आज से चालीस पचास बरस पहले बदलावों की गति इतनी तेज़ नहीं हुआ करती थी इसलिए पीढ़ियां बदल जाती थीं, बदलावों पर हमारी नज़र जाने से पहले। आज जो बदलाव हमारे चारों तरफ हो रहे हैं, उनके बारे में कोई भी मूल्य निर्णय करना न तो सम्भव है और न निरापद। बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करता है कि परिवर्तन के प्रति आपका नज़रिया क्या है! अगर आप यथास्थिति वादी हैं तो आपको हर परिवर्तन अखरेगा और अगर आप खुले सोच वाले हैं तो आप उनके सकारात्मक पक्ष को देखते हुए उनका आकलन करेंगे। जीवन में कुछ भी ऐसा नहीं होता है जो एकदम अच्छा या एकदम बुरा हो। हालांकि यह बात भी सही है कि निस्संग होकर किसी बदलाव का आकलन करना उतना आसान नहीं होता, जितना यह कह देना होता है। हमारे पूर्वाठाह भी हमारे निष्कर्षों को प्रभावित करते ही हैं। अगर हम अच्छे और बुरे से हटकर सोचें तो पाएंगे कि अंततः अधिकांश बदलाव हमारे जीवन को सीधे प्रभावित करते हैं।

मैं नए का उत्साही समर्थक हूं। जड़ता मुझे कभी पसंद नहीं आती, चाहे वह किसी भी क्षेत्र में हो।

जीवन चलने का नाम है, तो चलते रहना चाहिए, और चलना अगर आगे हो तो कहना ही क्या!

कभी-कभी पीछे की तरफ भी चलते हैं, भले ही उसे नाम कोई अच्छा-सा दे दिया जाए, लेकिन मुझे पीछे की तरफ चलना हमेशा व्यथित और कुपित करता है। जब हम आगे की तरफ चलते हैं तो कुछ को, विशेष रूप से उनको जो परम्परा प्रेमी हैं, बहुत सारी नई बातें असहज करती हैं, लेकिन समय के साथ वे भी उनके अभ्यस्त, बल्कि प्रशंसक होते जाते हैं। अगर कुछ स्थूल उदाहरण लेने हों तो इन बातों को खान-पान और वेशभूषा के संदर्भ में समझा जा सकता है। एक समय था जब घर से बाहर खाना बुरा माना जाता था लेकिन आहिस्ता-आहिस्ता हमें उसके भी लाभ दिखाई देने लगे और आज बाहर खाना तनिक भी बुरा नहीं माना जाता है। यही बात वेशभूषा के संबंध में भी है। यह बहुत पुरानी बात नहीं है जब महिलाओं का सलवार सूट पहनना कुछ ज़्यादा ही आधुनिक, और इसलिए असहज करने वाला माना जाता था। आज उसे पूर्ण स्वीकृति मिल चुकी है। ऐसा ही कुछ विदेश यात्राओं को लेकर भी है। कभी विदेश जाने वाले जाति-समाज बहिष्कार का दण्ड भोगते थे, फिर वे सम्मानित होने लगे और आज यह आम बात है।

जब बदलाव आते हैं तो वे आपके हमारे जीवन को अनेक कोणों से प्रभावित करते हैं। ये प्रभाव कभी स्वागत योग्य होते हैं और कभी अवांछित। मैं दो-तीन ऐसे बदलावों की यहां चर्चा करना चाहता हूं। पिछले कुछ बरसों में हमारे लेन-देन और खरीददारी के तौर तरीकों में क्रांतिकारी बदलाव आए हैं। पहले जहां बैंक जाकर हम पैसे निकाल कर लाते थे अब हमारा काम एटीएम से चल जाता है। न केवल इतना अब बहुत बार तो महीनों करेंसी को हाथ लगाने की ज़रूरत ही नहीं पड़ती है। ऑनलाइन मनी ट्रांसफर और भुगतान की यूपीआई पद्धति हमारे लिए बहुत आम हो चली है। बाज़ार जाकर खरीददारी करने की बजाय ई कॉमर्स साइट चलाकर हमारा सामान हमारे घरों तक पहुंचा देती हैं। इन सबसे हमारा जीवन बहुत आसान हुआ है, लेकिन इन सब में धोखा धड़ी की संभावनाएं भी खूब बढ़ी हैं। ओटीपी को लेकर किये जाने फ्रॉड, बैंक और वित्तीय संस्थानों का नाम लेकर ठगों द्वारा हमारी गोपनीय जानकारियां जुटाकर उनका दुरुपयोग कर लेना, मिथ्या और भ्रामक विज्ञापन देकर और सस्ते का आकर्षण पैदा करके हमसे पैसे ले लेना और फिर गधे के सिर से सींग की तरह गायब हो जाना – ये कुछ ऐसे मामले हैं जिनसे हममें से बहुत सारे लोग परिचित हैं। सारी सावधानी रखते हुए भी लोग इनके शिकार हो जाते हैं।

> **असल में हर बदलाव अपने साथ नई चुनौतियां और नए खतरे लाता है। जहां यह बहुत ज़रूरी है कि हम बदलावों को स्वीकार करें, वहीं यह भी उतना ही ज़रूरी है कि हम बिना सोचे समझे और बिना उनकी यांत्रिकी को समझें उन बदलावों को न अपनाएं। अगर हम एक बार ठीक से बदलावों की कार्य पद्धित को समझ लें तो उससे होने वाली बहुत सारी क्षतियों से ख़ुद को बचा सकेंगे।**

इधर सोशल मीडिया एक वैकल्पिक मीडिया के रूप में भी बहुत तेज़ी से उभरा है और इसने हमें अभिव्यक्ति की आज़ादी भी दी है। लेकिन इस आज़ादी का वैयक्तिक और संस्थाबद्ध दोनों तरह से दुरुपयोग भी कम नहीं हुआ है। लोगों ने अपने स्वार्थ के लिए छद्म नाम से इन माध्यमों का दुरुपयोग किया है तो संस्थाओं, विशेष रूप से राजनीतिक दलों ने अपने आईटी सेल्स के माध्यम से प्रतिपक्षियों की छवि बिगाड़ने के लिए व्यवस्थित और संगठित प्रयास किए हैं। अपराधी तत्वों ने भी इन साधनों का दुरुपयोग कम नहीं किया है। यहां से सूचनाएं जुटाकर उनका मनचाहा किंतु हानि पहुंचाने वाला दुरुपयोग करने से लगाकर चरित्र हनन के अनेक मामलों से हम आए दिन रू-ब-रू होते रहते हैं।

असल में हर बदलाव अपने साथ नई चुनौतियां और नए खतरे लाता है। जहां यह बहुत ज़रूरी है कि हम बदलावों को स्वीकार करें, वहीं यह भी उतना ही ज़रूरी है कि हम बिना सोचे समझे और बिना उनकी यांत्रिकी को समझें उन बदलावों को न अपनाएं। अगर हम एक बार ठीक से बदलावों की कार्य पद्धति को समझ लें तो उससे होने वाली बहुत सारी क्षतियों से ख़ुद को बचा सकेंगे।

मसलन, अगर आप बैंकों की कार्य प्रणाली को ठीक से समझ लें तो आप अपने डेबिट या क्रेडिट कार्ड के दुरुपयोग से काफी हद तक खुद को सुरक्षित रख सकेंगे। अगर आप यह समझ लें कि आपके ओटीपी का क्या और कितना सीमित उपयोग करना है तो उसे आप हर किसी को नहीं बताएंगे और इस तरह उसके दुरुपयोग से होने वाली हानि से बचे रहेंगे। असल में होता यह है कि हम यह मान कर चलते हैं कि हमारे साथ तो कुछ बुरा हो ही नहीं सकता। और इसलिए हम वहां भी असावधान हो जाते हैं जहां हमसे सावधानी अपेक्षित होती है। और तब वही होता है जो एक नारे में कहा गया है – सावधानी हटी और दुर्घटना घटी।

जैसे-जैसे बदलावों की रफ्तार तेज़ होती जा रही है, हमारे चारों तरफ की चीज़ें भी बहुत तेज़ी से बदल रही हैं। हम उनसे बच नहीं सकते। अगर हम न चाहें तो भी बहुत सारे बदलावों को अपने जीवन में आने से रोक ही नहीं सकते। ऐसे में सावधानी बरतने का महत्व और कई गुना बढ़ जाता है। यह कुछ-कुछ वैसा ही है जैसे यह कि पहले सड़क पर हमारे चलने की गति बहुत कम थी, अतः वैसे में दुर्घटना से होने वाली क्षति भी छोटी हुआ करती थी। एक साइकिल किसी पैदल चलने वाले को टक्कर मार भी देती तो ज़्यादा से ज़्यादा एकाध हड्डी टूटती। अब बहुत तेज़ी से उड़ने वाले विशालकाय वायुयानों, तेज़ गति वाली रेल गाड़ियों और सुपर एक्सप्रेस राजमार्गों पर हवा से बातें करने वाले वाहनों के ज़माने में जो दुर्घटनाएं होती हैं वे आकार और क्षित में बहुत बड़ी होती हैं। लेकिन इन दुर्घटनाओं के कारण हम घर से निकलना तो बंद नहीं कर देते हैं। बस, इतना ही होता है कि हममें से जो सावधानी बरतते हैं वे सुरक्षित रहते हैं। और वैसे यह भी सच है कि बहुत बार आपकी अकेले की सावधानी कोई अर्थ नहीं रखती है। अगर आप एक वायुयान में हैं और वह दुर्घटना ग्रस्त हो जाता है इसके लिए आपकी सावधानी पर कोई प्रश्न चिह्न नहीं लगाया जा सकता है! इसी तरह आप लाख सावधानी बरतते रहें, अगर आपका बैंक डूब जाता है, तो उसमें आपका क्या दोष है? यह बदलाव और प्रगति (अगर इसे प्रगति कहा जाए) के साथ स्वतः चला आने वाला ख़तरा है, और इसे जीवन के एक अनिवार्य अंग के रूप में स्वीकार करना होगा।

मैंने बात छल से प्रारम्भ की थी। उसी पर लौटता हूं। यह एक कड़वी सच्चाई है कि बहुत बार चोरों के लिए दरवाज़े हम ही खुले छोड़ते हैं। हम ही पुकार-पुकार कर कहते हैं कि आओ, हमें छलो। एक बार सावधानी से देखें कि आपको कैसे-कैसे छला जा सकता है और फिर हर तरह की सावधानी बरतें। इस बात को समझें कि हर नई सुविधा अपने साथ नए ख़तरे भी लेकर आती है। उन ख़तरों से अपनी रक्षा ख़ुद आपको ही करनी है।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# मणिपुर : न हम ज़्यादा जानते हैं और न ही कोई कोशिश नज़र आती है



**डॉ. रामावतार शर्मा**

हम में से बहुत सारे लोग रंगून से लेकर जावा, सुमात्रा और अंगकोर वाट से लगाकर हिंदुकुश तक के विराट भारत जिसे आर्यावृत्त भी कहा जाता है, का सपना पाले हुए हैं। सपने से जाग कर यदि ये लोग अपने आप से संवाद करें तो आश्चर्य होगा कि जो भारत आज है उसके बारे में वे कितना कम जानते हैं। उत्तरपूर्वी भारत के राज्य जो कभी सात बहनें (सेवन सिस्टर्स) के नाम से जाने जाते थे वहां का एक छोटा-सा हिस्सा पिछले एक महीने से भी ज्यादा समय से दहक रहा है परंतु विश्व की प्रमुख सैन्य शक्ति और सबसे अधिक पुलिस बल की मालिक भारत सरकार असहाय और मौन खड़ी देख रही है। यह जलता धधकता राज्य मणिपुर जहां के पुराने कांठोसी और अब नव अवतार में शुद्ध हुए बीजेपी के मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह की तो इतनी हिम्मत भी नहीं हुई कि इस लघु राज्य में अशांत क्षेत्रों का एक दौरा कर सकें। जनता द्वारा चुने गए नेता की जनता पर कमजोर पकड़ का यह एक ज्वलंत उदाहरण है। तिकड़मबाजी से चुनाव जीतना और जन सम्मान पाना दो अलग बातें होती हैं इस बात को बिरेन सिंह ने स्पष्ट तौर से दिखा दिया है।

भारत की मुख्य धारा के लोग उत्तरपूर्वी भारत के बारे में कितना जानते हैं? जो थोड़ी-सी जानकारी है वह असम के प्रमुख शहरों के बारे में चंद व्यापारियों तक सीमित है। भारत के विभिन्न भागों को संवाद द्वारा जोड़ने के प्रयास कहीं नजर नहीं आते हैं। देश एक है पर लोग बेगाने से लगते हैं। किसी भी समाचार पत्र या टीवी पर कोई मणिपुरी विचारक, लेखक, सामाजिक कार्यकर्ता आदि नजर नहीं आता है। राष्ट्रीय स्तर के समाचारों का कोई संवाददाता उत्तरपूर्व भारत में नहीं है इसलिए जो कुछ भी लिखा जाता है वह काफी हद तक व्यक्तिगत निष्कर्ष ही है। ऑनलाइन भी ढूंढने जायेंगे तो इन राज्यों के बारे में ज्यादा कुछ प्राप्त नहीं होता है। 3 मई 2023 की हिंसा के पहले कितने लोगों ने कुकी, मैती और चुराचंद पुर के बारे में सुना था? फिर कैसे अचानक लोगों में यह धारणा बना दी गई है कि क्रिश्चियन कुकी तो हिंसक और बदमाश हैं परंतु हिंदू मैती सीधे लोग हैं? धर्म का सहारा लिए इस तरह के प्रायोजित प्रोपेगंडा राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा नहीं देते हैं और कोई धर्म विशेष ही देश प्रेमी होने का दावा नहीं कर सकता है।

मणिपुर में तीन मुख्य नस्लें निवास करती हैं। कुकी मुख्यतया पहाड़ों के निवासी हैं, ट्राइब हैं और भारत में रहते हुए दार्जिलिंग के गुरखा लोगों की तरह एक स्वायत शासन की मांग करते रहते हैं। ये बहुमत से क्रिश्चियन लोग हैं पर जीव वादी एवम् कुछ मुस्लिम आदि भी रहते हैं।

मैती मणिपुर घाटी के वासी हैं, पचास प्रतिशत से अधिक बहुमत इन्हीं का है, ये मुख्य रूप से हिंदू हैं परंतु क्षेत्रफल इनके पास मात्र 10 प्रतिशत है, फिर भी सरकार और प्रशासन ज्यादातर इन लोगों के पास ही है। ये लोग चाहते हैं कि इन्हें भी अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिल जाए ताकि ये लोग पहाड़ों पर भूमि खरीद सकें। झगड़े की जड़ यही मुद्दा है क्योंकि पहाड़ी भूभाग होने से मणिपुर में बसने लायक भूमि की कमी है और वन ही आमदनी का सबसे बड़ा स्त्रोत है।

यहां की तीसरी धारा नागा लोगों की हैं जो पूरे उत्तरपूर्वी भारत के नागा लोगों को एक साथ जोड़ कर भारत के अंदर ही नागालिम स्वशासित राज्य की मांग करते हैं जिसमें म्यांमार के नागा भी शामिल हों क्योंकि ये लोग वर्षों पहले अंठोजों द्वारा किए भारत बर्मा नागा क्षेत्र के विभाजन को स्वीकार नहीं करते हैं।

इस तरह से मैती, कुकी और नागा आज के भारत से विभाजित नहीं होना चाहते परंतु अपना प्रशासन अपने ही हाथ में रखना चाहते हैं। यही कारण है जिसकी वजह से भारतीय सेना या केंद्रीय अर्ध सैनिक बल इन लोगों पर गोली नहीं चलाते हैं और एक शांति स्थापना करने वाले बल के रूप में ही कार्य करते हैं। भारतीय सेना जहां तक संभव होता है अपने देशवासियों पर गोली नहीं चलाने के लिए प्रशिक्षित की जाती है। मणिपुर में जो कुछ भी हुआ है उसकी पूर्ण जिम्मेदारी एन बिरेन सिंह सरकार की है या फिर उन लोगों की है जो इस सरकार को दूर से नियंत्रित किए हुए हैं। सैंकड़ों लोग मारे जाए, मणिपुर घाटी की पुलिस चौकियों में लोग आएं और 3500 से भी ज्यादा राइफल तथा पिस्टल ले कर अपने ही राज्य के लोगों की हत्या करें, कितनों को जिंदा जलाएं परंतु प्रशासन मौन रहे, मुख्यमंत्री घर में बैठे रहें तो इस स्थिति को क्या नाम दिया जायेगा?

भारत जैसे विशाल देश में मणिपुर एक मोहल्ले जैसा है। वैश्विक शक्ति का दावा करने वाले हम लोग यहां की हिंसा और तबाही को नहीं रोक पाए तो इस बात से क्या निष्कर्ष निकाला जाएगा? क्या इतनी बड़ी हिंसा के पीछे कोई छिपा हुआ उद्देश्य है? क्या किसी को सबक सिखाने की दुर्भावना है? या फिर सब कुछ इसलिए हुआ कि सत्ता के शिखर पर बैठे लोगों को भारत के दूर दराज के हिस्सों के बारे में पूरी एवम् तथ्यपरक जानकारी नहीं है। इतने विशाल देश के बारे में पूर्ण जानकारी किसी भी व्यक्ति के लिए संभव नहीं है। ऐसे में देश का सूचनातंत्र ही काम आता है। क्या इस तंत्र में ऐसे लोग प्रविष्ट हो गए हैं जो एक जड़ विचारधारा से प्रेरित हैं और किसी एजेंडा के तहत कार्यरत हैं। यदि ऐसा है तो यह एक खतरनाक स्थिति है और यह राष्ट्रीय एकता के लिए घातक है। हर देशवासी सम्मान का अधिकारी है। हम गुलामी के युग से कहीं आगे बढ़ चुके हैं इसलिए किसी भी नागरिक को द्वितीय श्रेणी की तरफ नहीं धकेल सकते।

लोग सारे झगड़े की जड़ जमीन, अफीम की खेती, हथियारों का अवैध व्यापार और मानव तस्करी बता रहे हैं। ये सब बातें सच हो सकती हैं परंतु फिर भी कुछ स्वाभाविक सवाल उठते हैं। पहला तो यह कि क्या ये सब कारण भारत के अन्य प्रांतों में किसी न किसी मात्रा में मौजूद नहीं हैं? किस राज्य में नशीले पदार्थों, हथियारों, मानव तस्करी में उलझे लोग नहीं हैं? जमीन को लेकर तो हर दूसरे घर में संघर्ष देखा जा रहा है। ऐसे में मणिपुरी लोगों को ही अलग निगाह से क्यों देखा जा रहा है? गैर कानूनी धंधों में किसी भी समाज के सभी लोग जुड़े हुए नहीं होते हैं। किसी समाज के 10-15 प्रतिशत लोग यदि गैर कानूनी कार्य से जुड़े हुए होते हैं तो पूरे समाज को एक ही रंग से पोतना कैसे उचित हो सकता है? यहां हम कुकी लोगों को हथियारों की तस्करी का भागीदार कह सकते हैं परंतु मैती क्षेत्रों के पुलिस थानों से 3500 से ज्यादा राइफल लूटनेवाले मैती लोगों पर चुप्पी को क्या कहा जायेगा?

समस्या के मूल को समझा जाए तो यह राजनीतिक अति महत्वकांक्षा का परिणाम है। कुछ लोग पूरे देश पर अपना ही एक छत्र साम्राज्य स्थापित करना चाहते हैं जो संभव नहीं है। प्रजातंत्र का मूलमंत्र हमें चींटियों से सीखना चाहिए। राजनीतिक विरोध को विरोध ही समझना अच्छा है दुश्मनी नहीं। भारत जैसे विविधता वाले देश में किसी भी राजनीतिक पार्टी या विचारधारा का एकाधिकार संभव नहीं है। इस तरह के एकाधिकार का प्रयास देश में कई मणिपुर पैदा कर सकता है। धर्म, जाति और क्षेत्रीयता से एक दो बार तो सत्ता हासिल की जा सकती है परंतु इसके दुष्परिणाम दशकों तक भोगने पड़ते हैं। मुस्लिम नेताओं ने सत्ता पाने के लिए धर्म का दुरुपयोग किया जिसका परिणाम सूडान, पाकिस्तान, इराक, लीबिया, सीरिया आदि उजड़े हुए देश भुगत रहे हैं। भारत को अपने उज्ज्वल भविष्य को राजनेताओं की सत्ता लिप्सा से बचाना होगा। यदि मणिपुर समस्या का समाधान नहीं होता है तो इसकी जिम्मेदारी देश के सर्वोच्च नेतृत्व की होनी चाहिए। नेतृत्व अपनी संकुचित विचारधारा से मुक्त हो इसके लिए जनता को जागृत होना पड़ेगा, कड़वे सवालों से टकराना पड़ेगा वरना देश विकास की कई सीढियां नीचे सरक जायेगा।

**-डॉ. रामावतार शर्मा,**
**( चिकित्सक एवं लेखक )**

# बारिश के सीजन के कारण हरी सब्जियों के भाव एकाएक आसमान छूने लगे

- **आवक कम होने पर दो से तीन गुना तक बढ़े भाव, टमाटर, अदरक में जबरदस्त उछाल**

**नोखा,** (निसं)। बिपरजॉय तूफान का अब असर सब्जियों पर नजर आ रहा है। घरों की रसोई से हरी सब्जियों जैसे गायब सी होने लगी है। बिपरजॉय तूफान के कारण जहां जोधपुर और अहमदाबाद से होने वाली सब्जियों की सप्लाई में कमी आई है। वहीं अब हर साल की तरह हरी सब्जियों का सीजन भी खत्म होने वाला है। ऊपर से बारिश के सीजन के कारण हरी सब्जियों के भाव एकाएक आसमान छूने लगे हैं।


सब्जियों के भावों में आई एकाएक बढोतरी के कारण घरों से सब्जियां गायब होने लगी हैं। टमाटर पहले 40 रुपए किलो बिक रहे थे। अब भाव बढ़कर 120 रुपए हो गए हैं। यानी एक किलो के 80 रुपए बढ़ गए हैं।

बिपरजॉय तूफान ने गुजरात और प्रदेश के कई भागों में जमकर तबाही मचाई। जिसके कारण सर्वाधिक नुकसान सब्जियां उगाने वाले किसानों उठाना पड़ा।

तेज आंधी और तुफान के कारण यहां फसलें तबाह हो गई। वहीं बारिश ने भी किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। जिसके कारण किसानों को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। इसके साथ ही गुजरात में मचाई तबाही के कारण नोखा में सब्जियों की आने वाली सप्लाई भी पूरी तरह प्रभावित हो रही है। जहां एक ओर क्षेत्र में सब्जियों की सप्लाई के आने वाले ट्रक तुफान के कारण नहीं पहुंच गए। वहीं दूसरी ओर नोखा शहर की डिमांड के चलते एकाएक सब्जियों के भावों में उछाल आ गया। सब्जियों की बढ़ती महंगाई के चलते केर-सांगरी, काचर, बड़ी की सब्जी, बेसन गट्टा, भुजिया, पापड़, फोफलिया, मोगर, हवेजी, चना, मूंग आदि घरेलू रूप में सब्जियों में उपयोग हो रहा है।

सब्जी विक्रेता मनोज भार्गव ने बताया कि हरी सब्जियों का सीजन खत्म होने का समय है। जिस कारण सब्जियों के भाव बढे है। इन दिनों में हर साल सब्जियों की कीमतें बढती है। सब्जी विक्रेता पंकज भार्गव ने बताया कि टमाटर पिछले दिनों में 40 रुपए से कम दामों में बिक रहे थे, लेकिन अब टमाटर 120 रुपए किलो बिक रहा है। गृहणी कटला चौक निवासी मैना डागा व किरण डागा ने बताया कि सब्जियों के दामों में वृद्धि होने की वजह से घरेलू सब्जियां सुखाकर रखी गई, हरी सब्जियों के भाव बढ़ने के कारण हरी सब्जियां कम खरीदने लगे हैं।


# आयड नदी में मछली पकड़ने के जाल में मगरमच्छ फंसा



**उदयपुर के आयड नदी से मगरमच्छ को सुरक्षित बाहर निकाला।**

**उदयपुर,** (कासं)। आयड नदी में मछली पकड़ने के लिए डाले जाल में मगरमच्छ जाल में आ गया। गत रात्रि को आयड नदी में एक मगरमच्छ होने की सूचना वाइल्ड एनीमल रेस्क्यू सेंटर के संभागीयअध्यक्ष चमन सिंह चौहान को प्राप्त हुई।

सूचना पर चमन सिंह चौहान, निर्मल गमेती, रवि चैनल कोमल गमेती मौके पर पहुंची। मौके पर पाया कि मछली के जाल में एक मगरमच्छ का बच्चा जाल में फंसा हुआ था। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात को कुछ मछली पकड़ने वालों ने जाल लगा या था। उस जाल में मछली तो नहीं फंसी लेकिन मगरमच्छ फंस गया। सवेरे मछली मारने वालों ने जाल को देखा तो उसमें एक मगरमच्छ का बच्चा फंस गया। मच्छीमार जाल को छोड़ भाग गए मगरमच्छ के बच्चों को जाल से छुड़वा कर बागबड़ा नेचर पार्क मैं सुरक्षित छोड दिया



**पुष्कर के रेतीले धोरों में सावन के पहले सोमवार के पूर्व संध्या पर भगवान शिव की बालू रेत कलाकृति बनाकर उन्हें नमन किया। यह सैंड आर्ट अजय सिंह रावत ने बनाई है।**

# सितम्बर तक 2.60 लाख पौधे लगाएगी "बीएसएफ गुजरात"

**बाड़मेर,** (निसं)। बीएसएफ गुजरात ने अपने सभी मुख्यालयों के साथ-साथ बाडमेर, कच्छ के रण एवं भुज के ठीक क्षेत्रों में स्थित सीमा चौकियों में बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान आयोजित करके पर्यावरणीय स्थिरता को बढावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

इसमें स्थानीय समुदायों के साथ-साथ बीएसएफ कर्मियों, उनके परिवारों और पर्यावरण प्रेमियों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। इस पहल का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से निपटना, जैव विविधता को बढाना और एक हरित और स्वस्थ ग्रह में योगदान देना है। बीएसएफ कैंपस गांधीनगर में, बीएसएफ गुजरात फ्रंटियर के महानिरीक्षक रवि गांधी ने अधिकारियों और जवानों के साथ पौधारोपण अभियान में भाग लिया। इस विशेष अभियान में इस वर्ष सितंबर माह तक विभिन्न प्रकार की वृक्ष प्रजातियों के 2.60 लाख पौधे रोपने की योजना है। पर्यावरण विशेषज्ञों और स्थानीय वन अधिकारियों के सहयोग से बीएसएफ उपयुक्त वृक्ष प्रजातियों के चयन और लगाए गए पेड़ों के पोषण और रखरखाव के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं के कार्यान्वयन को भी सुनिश्चित कर रहा है। बीएसएफ कर्मियों को लगाए गए पेड़ों के रखरखाव के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है, ताकि एक हरे ग्रह के लिए उनके स्वस्थ विकास को सुनिश्चित किया जा सके। सीमा सुरक्षा की अपनी प्राथमिक भूमिका के साथ-साथ बीएसएफ पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए भी लगातार कदम उठा रही है और संरक्षण प्रयासों में सक्रिय रूप से योगदान दे रही है, जिससे एक हरित भविष्य बनाने का मिशन शुरू हो गया है। बल ऐसे पर्यावरण अभियानों को जारी रखेगा, विभिन्न हितधारकों के साथ सहयोग करेगा और हमारे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढाएगा।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**सोमवार 10 जुलाई, 2023**

प्रथम सावन मास (शुद्ध), कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2080, रेवती नक्षत्र सांय 6:59 तक, अतिगंड योग दिन 12:33 तक, बालव करण प्रातः 7:22 तक, चन्द्रमा सांय 6:59 से मेष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-मीन, मंगल-सिंह, बुध-कर्क, गुरू-मेष, शुक्र-सिंह, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज सावन वन सोमवार व्रत है। पंचक सांय 6:59 पर समाप्त होंगे।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:26 तक, शुभ 9:08 से 10:50 तक, चर 2:14 से 3:56 तक, लाभ-अमृत 3:56 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 5:44, सूर्यास्त 7:20

**मेष**
पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा।

**वृष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**कर्क**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिव समस्या का समाधान हो सकता है।

**सिंह**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा।

**धनु**
घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**मकर**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**कुंभ**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे।

**मीन**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

# आर.ए.एस. 2021 की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी निजी लोगों के हाथ : डॉ. किरोड़ी लाल

## 'निजी संस्थाओं व राजीव गांधी स्टडी सर्कल से जुड़े लोगों के कारण हुआ था रीट का पेपर लीक'

'टॉपर के चयन में भी हुआ भ्रष्टाचार, भ्रष्ट प्रक्रिया से चयनित सैकड़ों पुलिस उपनिरीक्षक संभालेंगे प्रदेश की कानून व्यवस्था'

'आरपीएससी चैयरमेन संजय क्षोत्रीय ने नियमों को ताक पर रख बाबूलाल कटारा को सैकेण्ड ग्रेड अध्यापक परीक्षा प्रश्न पत्र बनाने का जिम्मा क्यो सौंपा?'

जयपुर। राज्यसभा सांसद व भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने भाजपा मुख्यालय पर प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया। सोमवार से आरपीएससी द्वारा शुरू होने वाले 2021 आरएएस भर्ती के साक्षात्कार पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाने की मांग करते हुए किरोड़ीलाल मीणा ने कहा कि आरएएस भर्ती परीक्षा से लेकर अब तक धांधली व घोर अनियमितताएं बरती गई है। आरएएस भर्ती परीक्षा 2018 में शिवसिंह राठौड़ की भ्रष्टाचार की भूमिका का पूर्व में भी खुलासा किया था कि आरपीएससी द्वारा नियुक्त कॉर्डिनेटर शिव सिह राठौड़ ने कॉपी जांचने की जिम्मेदारी गोविंद सिंह डोटासरा के विधानसभा क्षेत्र के चहेते प्रोफेसर (एमडीएस यूनिवर्सिटी) को दी, जिसने गोविंद सिंह डोटासरा के रिश्तेदारों के साक्षात्कार में भी धांधली कर अच्छे अंक देकर चयन कराने में शिव सिंह राठौड़ ने अहम भूमिका निभाई थी। सोशल मीडिया पर आरएएस मुख्य परीक्षा 2021 के प्रश्न पत्र, भूगोल का 13वां प्रश्न की जानकारी साझा करने के कारण आरपीएससी के पूर्व चौयरमेन शिव सिंह राठौड़ की भूमिका भी संदिग्ध है।



डॉ.किरोड़ी लाल मीणा

आरएएस 2021 प्री परीक्षा में भी अनुभवहीन विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रश्न पत्र बनाया गया 150 प्रश्नों में से छह प्रश्न आरपीएएसी की ओर से डिलीट कर दिए गए उस समय भी मैंने आरपीएससी को चेताया था। मुख्यमंत्री मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद परीक्षा कराने की हठधर्मिता कर रहे थे।

प्रेसवार्ता में डॉ. मीणा ने कहा कि मैं आरपीएससी अध्यक्ष से पूछना चाहता हूं कि सदस्य बाबूलाल कटारा को शिक्षक भर्ती सैकंड ग्रेड के पेपर तैयार करने की जिम्मेदारी किसके कहने पर दी, इतिहास में आज तक इस प्रकार की जिम्मेदारी किसी भी अध्यक्ष ने नहीं दी और आरएएस मुख्य परीक्षा 2021 की कापियां जांचने में मुखिया के इशारे पर आरपीएससी अध्यक्ष ने अंजाम दिया। आरएएस मुख्य परीक्षा की कांपियां जांचने के लिए क्या आयोग ने फुल कमीशन की बैठक में शिक्षकों का चयन किया था? प्रदेश की सबसे बड़ी परीक्षा की मुख्य परीक्षा 2021 की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच आरपीएससी के चौयरमेन संजय क्षोत्रिय द्वारा प्राइवेट कॉलेजों के अनुभवहीन शिक्षकों से करवाकर आरपीएससी के वर्णित नियमों का घोर उल्लंघन है।

उन्होंने कहा कि आरएएस मुख्य परीक्षा का पेपर तृतीय लोक प्रशासन विषय के यूनिट 2 जो 65 अंक का है। एक भाग के प्रश्नों को अनुभवहीन शिक्षकों द्वारा जांचा गया है। लोक प्रशासन के प्रश्नों का ओटीएस से सेवानिवृत आर के चौबीसा हेड कार्डिनेटर को बनाया गया जिसने लोक प्रशासन के प्रश्नों को जांचने की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय के प्रोफेसरों के बजाय अनुभवहीन एमएनआइटी जयपुर में रूम की इंचार्ज कनोडिया कॉलेज की शिक्षक रीटा माथुर सेवानिवृत डॉ. आर के चौबीसा, रीटा माथुर, मनीषा माथुर, इंदु शर्मा, अर्चना मिश्रा, रूपाली भदौरिया, पवन शर्मा, प्रिति अग्रावत को दी, ये सभी निजी महाविद्यालय के शिक्षक है। साथ ही मुख्यमंत्री के नजदीकी धर्मेन्द्र राठौड़ एवं गोविंद सिंह डोटासरा के चहेते शिवसिंह को आरपीएएस मुख्य परीक्षा 2021 के समय कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया। साथ ही मुख्यमंत्री ने अपने चहेते संजय क्षोत्रीय को आरपीएससी का चेयरमैन घोषित कर अपने चहेतों को आरएएस बनाने की जिम्मेदारी दी।

रीट परीक्षा में रामकृपाल मीणा, प्रदीप पारासर, राजीव गांधी स्टडी सर्किल के निजी शिक्षकों को ज़िम्मेदारी दी इस कारण रीट का पेपर लीक हुआ था। उसी प्रकार निजी महाविद्यालय कनोडिया कॉलेज, सुबोध कॉलेज और बगरू के एक निजी कॉलेज के शिक्षक द्वारा जांचने की जिम्मेदारी दी गई। भ्रष्टाचार के सबसे बड़ा तथ्य यह है कि आरएएस मुख्य परीक्षाओं अंकों में हेराफेरी करवाने की मंशा से उत्तर पुस्तिकाओं को दोनों बार निजी संस्थाओं से जुड़े एक ही शिक्षको द्वारा जांच करवाई गई।

इससे खुलेआम यह सिद्ध हो रहा है कि यह खेल किसी बड़े आदमी के इशारे पर खेला जा रहा है। मुख्यमंत्री आप तो हर गलती की सजा मांगने की बात करते हैं। आपने अब तक आरपीएससी अध्यक्ष का इस्तीफा क्यों नहीं लिया। आरएएस 2018 और 2021 की आपको सीबीआई जांच करानी चाहिए। आरएएस भर्ती 2021 के साक्षात्कार 10 जुलाई से शुरू हो रहे हैं। मुख्यमंत्री मुख्य परीक्षा को जल्दबाजी में करवाकर और अब साक्षात्कार जल्दबाजी में करवाकर भ्रष्टाचार करवा रहे है।

# फारूक आफरीदी और हुसैन बंधुओं को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड



पब्लिक रिलेशंस सोसायटी की ओर से राजस्थान इन्टर नेशनल सेंटर जयपुर में रविवार को विभिन्न क्षेत्रों मेंउल्लेखनीय सेवाओं के लिए 21 महानुभाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राजसिको चेयरमैन राजीव अरोड़ा और समारोह की अध्यक्ष हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. सुधि राजीव ने सुप्रसिद्ध ग़ज़ल गायक जोड़ी पद्मश्री उस्ताद अहमद हुसैन मोहम्मद हुसैन को इनकी संगीत, कला और संस्कृति की सेवाओं के लिए और वरिष्ठ व्यंग्यकार, कवि एवं जनसंपर्क कर्मी फारूक आफरीदी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से अलंकृत किया।

# सीताराम मंदिर के सत्संग भवन का उद्घाटन

जयपुर। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने आज विधायक कोष द्वारा 30 लाख की लागत से पानीपेच स्थित नेहरू नगर के सीताराम मंदिर के सत्संग भवन का उद्घाटन किया।

खाचरियावास ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र सिविल लाइंस में मंदिरों के विकास और जीर्णोद्धार में 15 करोड़ 38 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। खाचरियावास ने कहा कि जन कल्याण और विकास के साथ मंदिरों के निर्माण, मंदिरों की सुविधाएं, भक्तों की सुविधाओं को मद्देनजर रखते हुए राजस्थान की कांग्रेस सरकार पूरे प्रदेश में धार्मिक आस्थाओं के मध्य मद्देनजर लोगों की भावनाओं के अनुसार मंदिरों में विकास कार्य कर रही है।

खाचरियावास ने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार भ्रष्टाचार, झूठ, फरेब और धोखे की फैक्ट्री चला रही है। नोट बंदी के नाम पर पांच सौ और एक हजार रुपए के नोट बंद कर दिए गये, इसके पश्चात दो हजार रुपए के नोट चालू कर दिए, अब दो हजार रुपए के नोट बंद कर रहे हैं, यदि दो हजार रुपए के नोट बंद करने थे तो 500 और 1000 के नोट क्यों बंद किए गए? नोटबंदी क्यों लागू की गई? यह केंद्र सरकार को बताना चाहिए।

आज मंत्री खाचरियावास के साथ पार्षद मनोज मुदगल, एडवोकेट सिनसिनवार, डीपी गोविल, एस के व्यास, संजीव सुरोलिया, कौशलेंद्र अत्री, अतुल शर्मा, दिग्विजय सिंह, दुर्गेश शर्मा, रतन सिंह भाटी, राजकुमार बागड़ा, रामकरण कुमावत, विनोद बुनकर, आस्था अग्रवाल, सत्यनारायण सैनी, हरिमोहन यादव, परमानंद पवार, रामअवतार अग्रवाल सहित सैकड़ों नागरिक उपस्थित रहे।

# सेवा भावना से करें वंचित वर्ग की मदद : निंबाराम

जयपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रकल्प घुमंतू जाति उत्थान न्यास के "अपनी बस्ती अपना हवन" योजना का शुभारंभ गोविंदपुरा- निवारू लिंक रोड, बस नंबर 7 का बस स्टैंड के पास, सपेरा बस्ती में किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम हमारे परिवार में कोई कमजोर है तो उसको हम सम्बल देते हैं वैसे ही संघ का प्रकल्प घुमन्तु उत्थान न्यास घुमन्तु जातियों के बहन भाइयों को सम्बल दे रहा है। घुमन्तु जाति बस्तियों में शिक्षा संस्कार केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। लगातार निशुल्क स्वास्थ्य केम्प आयोजित करवा रहे हैं। सनातन संस्कृति संस्कार के लिए हवन करवाए जा रहे हैं। जब किसी को ईश्वर ने आर्थिक सम्पन्न किया है उसको अपने से पिछड़े भाई बहन की मदद करनी चाहिए। यह अहसान नहीं सेवा होनी चाहिए। आरएसएस के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम, महा मंडलेश्वर बालमुकुंदाचार्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# जयपुर में हुआ डूरंड ट्रॉफी टूर

जयपुर, (का.सं.)। जयपुर में 9 जुलाई 2023 को डूरंड कप फुटबॉल टूर्नामेंट ट्रॉफी टूर के लिए एक रोमांचक और उत्साही समर्थन देखने को मिला। डूरंड कप के 132वें संस्करण के हिस्से के रूप में देशव्यापी ट्रॉफी टूर कोलकाता स्थित मुख्यालय पूर्वी कमान के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। जयपुर में इस ट्रॉफी टूर का आयोजन राज्य सरकार और स्थानीय फुटबॉल संगठनों के सहयोग से मुख्यालय दक्षिण पश्चिमी कमान द्वारा किया गया।

ट्रॉफी टूर की शुरुआत राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के साथ हुई, जिसमें डूरंड फुटबॉल टूर्नामेंट की विरासत पर प्रकाश डाला गया। इस कार्यक्रम की शोभा वरिष्ठ राजनीतिक, नागरिक और रक्षा विभाग के विरोध में व्यक्तियों की उपस्थिति से हुई, जिनमें मेहन्द्र मंत्री जीत सिंह मालवीय, कैबिनेट मंत्री, जल संसाधन विभाग, राजस्थान सरकार, लाल चंद कटारिया, कृषि मंत्री, कृषि विभाग राजस्थान सरकार, एयर वाइस मार्शल प्रशांत मोहन एओसी एडवांस मुख्यालय, मेजर जनरल राय सिंह गोदारा जीओसी मुख्यालय 61 सब एरिया, कर्नल नवनीत सिंह थियारा नोडल अधिकारी डूरंड कप, धर्मेंद्र सिंह अध्यक्ष, राजस्थान पर्यटन विकास निगम, डॉ. आशुतोष पंत स्वतंत्र निदेशक और अध्यक्ष इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, श्री कृष्ण कुमार टाक अध्यक्ष राजस्थान यूनाइटेड फुटबॉल क्लब और रजत मिश्रा संस्थापक और निदेशक, आरयूएफसी भी शामिल थे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद डूरंड कप फुटबॉल कमेटी और राजस्थान यूनाइटेड फुटबॉल क्लब ने स्कूलों, क्षेत्रीय क्लबों और फुटबॉल अकादमियों के साथ बातचीत की। इसके बाद ट्रॉफियों को पूरे शहर में भ्रमण कराया गया और जनता के प्रदर्शन के लिए शेष दिन अल्बर्ट हॉल में रखा गया। प्रेसिडेंट कप, डूरंड कप और शिमला कप नामक ट्रॉफियों के दौरे का उद्देश्य फुटबॉल को लोकप्रिय बनाना और देश में खेल पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाना है।

# पीपल्स ग्रीन पार्टी विधायकों से उनके घर जाकर हिसाब लेगी

जयपुर, (का.सं.)। पीपल्स ग्रीन पार्टी के कार्यकर्ता राज्य के विधायकों के घर जाकर उनसे पाँच साल का हिसाब माँगेंगे। पाँच बरस में सरकार को दिये दस हज़ार करोड़ टैक्स में से जनता को धोखे से अधिक ज़्यादा कुछ नहीं मिला। पार्टी के अध्यक्ष डॉ सुधांशु आज पार्टी के वार्षिक अधिवेशन में प्रदेश भर से एकत्र कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

डॉ सुधांशु ने कहा की कांग्रेस द्वारा पाँच साल की गई लूट के बाद अब बीजेपी लूट के नए मंसूबे बांध रही है। असल में ये लोग जनता की गाढ़ी कमाई से उत्पन्न टैक्स धन पर कब्ज़ा करना चाहते है। अरसे से दोनों पार्टियाँ मिल बाँट कर लूट का खेल खेल रही है और प्रदेश में युवा, किसान और महिलाएँ बुरी हालात में है। ग़रीबी और बेहाली बढ़ती जा रही है, ये सरकार पूरी तरह से नाकाम रही है।

जयपुर स्थित इंद्रलोक सभागार में हुए इस अधिवेशन में पीपल्स ग्रीन पार्टी के अध्यक्ष ने बताया की पार्टी अपने सहयोगियों की मदद से राज्य की सभी 200 सीटो पर चुनाव प्रत्याशी उतारने जा रही है। पार्टी के नेतृत्व में अनेक पार्टियों ने मिलकर हाल में नेशनल ग्रीन अलायन्स का गठन किया है। ये गठबंधन राष्ट्रभर में बीजेपी और कांग्रेस नीत गठबंधन से संघर्ष करेगा।

# कर्नाटक में हुई जैनाचार्य की हत्या की निंदा

जयपुर, (का.सं.)। कर्नाटक में 5 जुलाई को दिगंबर जैन आचार्य काम कुमार नंदी महाराज का अपहरण कर निर्मम हत्या करने का मामला तूल पकड़ने जा रहा है, इस घटना के बाद से लगातार जैन समाज संतों की सुरक्षा की मांग कर रहा है। रविवार को राजधानी जयपुर में विराजमान जैन आचार्यों ने भी घटना की निंदा करते हुए कहा की "आज लोगों के निजी स्वार्थ के चलते धर्म के प्रचारकों के साथ घटनाएं हो रही कभी सड़क दुर्घटना में साधुओं को मारा जा रहा है तो कही साधुओं का अपहरण कर निर्मम हत्याएं की जा रही है, सरकार को अहिंसा के पुजारियों की सुरक्षा को लेकर कड़े कदम उठाने चाहिए और संतों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। "

अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा एकता संघ अध्यक्ष अभिषेक जैन बिट्टू ने कहा की कर्नाटक में जैन साधु की हत्या एक राजनीतिक षडयंत्र है, क्योंकि इससे पूर्व में भी जैन साधुओं की हत्याओं को अंजाम दिया जा चुका है किंतु आज तक जांच ना होने के चलते ना आरोपियों को पकड़ा गया और ना ही निष्पक्ष जांच की गई। केवल दिगंबर जैन संत ही नही बल्कि श्वेतांबर जैन संतों की भी हत्याएं हो रही है। केंद्र और राज्यों की सरकारों को मिलकर जैन साधुओं की सुरक्षा को लेकर कड़े नियम बनाने चाहिए जिससे साधुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। आचार्य सौरभ सागर महाराज ने प्रताप नगर सेक्टर 8 के संत भवन में प्रवचन श्रृंखला के दौरान कहा की " जैन धर्म अहिंसा का पाठ पढ़ाता है।

# 'सीकर में कोचिंग छात्र की मौत की जिम्मेदार प्रदेश की कांग्रेस सरकार'

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने सीकर में कोचिंग छात्र के सीवरेज के गड्ढे में डूबने से हुई मौत के मामले में कहा कि इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है और वे इसे मौत नहीं हत्या बता रहे हैं। इसकी पूर्ण रूप से जिम्मेदार भ्रष्टाचारी कांग्रेस सरकार है। यह कांग्रेस सरकार के जनप्रतिनिधियों की लड़ाई है और जनता इस लड़ाई के कारण आहत हो रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कांग्रेस सरकार की प्रशासनिक नाकामियों को दर्शाते हुए कहा एक छात्र सपने लेकर दूसरे शहर में पढ़ने जाता है, लेकिन उसे नहीं मालूम कि सरकार और प्रशासन की लापरवाही उसकी मौत का कारण बनेगी। उन माता पिता पर क्या गुजरी होगी, जिन्होंने अपने बेटे के रोजगार के सपने संजोए थे, लेकिन उन्हें पता नहीं था कि कांग्रेस सरकार की ऐसी प्रशासनिक नाकामी और लापरवाही के कारण उनका घर का चिराग बुझ जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा सीकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का गृह जिला है और कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद प्रशासन से कांग्रेसी ट्विटर के जरिए गुहार लगा रहे हैं। बहुत ही शर्म का विषय है। इस बालक की मृत्यु नहीं वरन हत्या हुई है और हत्या के जिम्मेदार लोगों पर निश्चित ही हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए।

सीपी जोशी ने कहा कांग्रेस सरकार को पीड़ित परिवार को मुआवजे के साथ आर्थिक संबल प्रदान करना चाहिए।

# डॉ. पूनिया ने पोस्टर का विमोचन किया

जयपुर। श्री शिव महापुराण कथा समिति का 16 वां 251 सामूहिक श्री शिव पार्थिव महारुद्राभिषेक कार्यक्रम 6 अगस्त को अनंतम सफायर, राजावास पुलिया के पास, सीकर रोड में आयोजित होगा। समिति के महामंत्री अरुण खटोड़ ने बताया कि इस कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन आज उप नेता प्रतिपक्ष डॉ सतीश पूनिया ने किया, जो समिति के मुख्य संरक्षक भी हैं। इस दौरान समिति के अध्यक्ष सुरेश शास्त्री सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दो नए संक्रमित मिले

जयपुर। प्रदेश में ग्यारह दिन बाद करोना संक्रमण के दो मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही राज्य में अब दो ही एक्टिव केस बचे हैं।


**खोया-पाया**

प्लाट नंबर D-49 वास्तु नगर फेज III खुशी एनक्लेव ग्राम नरोतमपुरा का छीतरमल के नाम का मूल फ्री होल्ड पट्टा व सुरेन्द्र वर्मा के नाम की उक्त प्लाट का मूल विक्रय पत्र महेश नगर से टोंक फाटक के बीच गिर गया है सूचित करे। संतोष कुमार सोनी मोबाइल 9079607440

**नाम परिवर्तन**

मैंने मेरा नाम योगेश खण्डेलवाल (Yougesh Khandelwal) पुत्र राम गोपाल खण्डेलवाल से बदलकर योगेश खण्डेलवाल (Yogesh Khandelwal) रख लिया है, भविष्य में मुझे इसी नये नाम से जाना पहचाना जावें। पता- 21, कृष्णा कॉलोनी, रामदेव मार्ग, रामगढ़ रोड़, अम्बर, जयपुर राज.

**सार्वजनिक सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स उर्मिला अर्थ एंड मिनरल्स द्वारा मौजूदा क्वार्ट्ज और फेल्सपार की खान, खनन पट्टा संख्या-22/2001, खनन पट्टा क्षेत्र 19.4425 हे. जो की ग्राम-जीणगौर, तहसील-पावटा (पूर्व तहसील कोटपुतली), जिला- जयपुर (राजस्थान) में स्थित हैं में मेसनरी स्टोन मिनरल को शामिल करने और उत्पादन क्षमता 4,10,280 टीपीए से 21,77,500 टीपीए (रोम) का विस्तार और 400 टीपीएच क्षमता की क्रशर यूनिट की स्थापना का प्रस्ताव किया है। जिसके के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति "राज्य स्थरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन समिति राजस्थान (SEIAA) के ईसी पहचान संख्या-EC23B001RJ127840 (फाइल नंबर - 18420) दिनांक 06/07/2023 तथा ईसी पत्र क्रमांक नं F1(4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat. B1 (22815)/2021-22, जयपुर दिनांक: 05/07/2023 को प्रदान की गई है। जिसकी प्रतिलिपि MoEFCC ke वेब पोर्टल "PARIVESH" तथा SEIAA राजस्थान के कार्यालय जयपुर में जनसाधारण के देखने के लिए उपलब्ध है। परियोजना प्रस्तावक मैसर्स उर्मिला अर्थ एंड मिनरल्स


# प्रदेश के स्कूल व महाविद्यालयों में डेल्फिक क्लब खोले जाएंगे : गुहा



डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान की ओर से रविवार को डेल्फिक क्लब गाइडलाइन्स एवं ब्रोशर का विमोचन किया गया।

जयपुर, (का.सं.)। डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष एवं प्रमुख शासन सचिव सहकारिता, श्रेया गुहा ने कहा कि प्रदेश के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में डेल्फिक क्लब की स्थापना की जाएगी। इस ओर पहला कदम बढ़ाते हुए जयपुर के जयपुरिया एवं एमजीडी स्कूल में डेल्फिक क्लब खोलने की शुरूआत आज से की गई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की कला एवं संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए डेल्फिक काउंसिल के माध्यम से ओर बेहतर प्रयास होंगे।

गुहा रविवार को डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान के 2 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि सभी का स्वागत करते हुए कहा कि राजस्थान काउंसिल की 2 वर्ष की यात्रा ऐतिहासिक रही है। उन्होंने सभी सहयोगियों को धन्यवाद देते हुए काउंसिल द्वारा पिछले दो वर्षों की यात्रा का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान का दायर ओर बढ़ाया जाएगा।

वेबिनार के माध्यम से जुड़े इंडियन डेल्फिक काउंसिल के अध्यक्ष एन.एम. पांडे ने कहा कि राजस्थान के कलाकारों को एक मंच उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान की काउंसिल बधाई की पात्र है और पहला स्टेट गेम्स आयोजित कर राजस्थान ने सभी काउंसिल के लिए नई ऊर्जा एवं नई प्रेरणा देने का काम किया है। इसके लिए उन्होंने श्रेया गुहा को बधाई दी। इस अवसर पर इंटरनेशनल डेल्फिक काउंसिल के महासचिव रमेश प्रसन्ना, इंडियन नेशनल डेल्फिक काउंसिल के महासचिव अशोक सिंह, नेशनल डेल्फिक गेम्स आर्गेनाइजिंग कमेटी के अध्यक्ष अजय मिश्रा ने विचार व्यक्त करते हुए श्रेया गुहा, जितेन्द्र कुमार सोनी सहित राजस्थान की टीम को साधुवाद दिया।

इस मौके पर डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान की ओर से डेल्फिक क्लब गाइडलाइन्स एवं ब्रोशर का विमोचन किया गया। जयपुरिया स्कूल की प्रिसिंपल प्रतिमा एवं एमजीडी स्कूल की प्रिसिंपल अर्चना मंकोटिया द्वारा डेल्फिक क्लब खोलने के लिए राजस्थान डेल्फिक काउंसिल के सचिव आईएएस जितेन्द्र सोनी के मध्य एमओयू हुआ। गुहा ने दोनों स्कूलों को डेल्फिक क्लब का प्रमाण पत्र प्रदान किया। दोनों विद्यालयों के प्रिसिंपल्स ने कहा कि इससे विद्यार्थियों को नेशनल एवं इंटरनेशनल मंच उपलब्ध होगा।


**तीये की बैठक**



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय श्री सुरेश कुमार शर्मा (तुगणायत) का स्वर्गवास 08.07.2023 को हो गया है तीये की बैठक 10.07.2023 सोमवार को अक्षरधाम (स्वामीनारायण) मंदिर, चित्रकूट, वैशाली नगर पर सायं 4.30 से 5.30 बजे तक होगी। **शोकाकुल :** लीला शर्मा (पत्नी) (भूतपूर्व अध्यापिका, हीरापुरा स्कूल), नवीन (पुत्र), धनेन्द्र कुमार, रमेश, राजेन्द्र, राधाकृष्ण (भाई), कला-सुभाष, अनीता-राकेश, प्रीती-नितिन (पुत्री-दामाद), नितिन-प्रिया (दोहिता-दोहिता वधु), मल्हार (दोहिती), अथर्व, अबीर, अभिनव (दोहिते), इवाना एवं समस्त तुगणायत परिवार। **ससुराल पक्ष :** गोपाल सहाय, दामोदरलाल, रामकृष्ण, मंजूदेव, मुरलीधर, भरत कुमार एवं समस्त उपाध्याय परिवार। 7737708125, 7976807826

**नम्बर मिलाइए 9587884433**

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



# आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

CIN : L65110TN2014PLC097792

पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031

फोन- +91 44 4564 4000 I फैक्स- +91 44 4564 4022

**वित्तीय अस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनर्निर्माण एवं ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के सैक्शन 13 (2) के तहत नोटिस**

निम्न ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं ने नीचे वर्णित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड का सिक्योर्ड ऋण (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) से लिया था। निम्नलिखित ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के ऋण उनकी अपनी-अपनी सम्पत्तियों के गिरवी रखने से सुरक्षित है। क्योंकि उन्होंने अपने-अपने ऋण एग्रीमेन्टस के नियम व शर्तों की पालना नहीं की है और अनियमित हो गये है, उनके ऋणों को आरबीआई की गाइडलाइन्स के अनुसार एनपीए वर्गीकृत कर दिया गया है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशियां उनके पृथक नोटिस में लिखी गयी है तथा और विशेष रूप से निम्न सूची में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे का ब्याज भी लागू होगा तथा वह उनकी अलग-अलग तिथियों से समझौते की प्रभावी दर से वसूला जायेगा।

| क्र. सं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | ऋणग्रहिताओं एवं सहऋणग्रहिताओं के नाम | सैक्शन 13(2) के नोटिस की राशि | सैक्शन 13(2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि | सम्पति का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 11390089, 11223543, 11384777, 11390194, 11390647, 36112300, 36066598 एवं 36116667 | सम्पत्ति पर ऋण | 1. गणपति एन्टरप्राइजेज प्रो. भगवान दास तोतलानी 2. माया तोतलानी 3. रजनी तोतलानी 4. भगवान दास तोतलानी | 20.05.2023 | 2,17,67,348.10/- | **सम्पत्ति-** 1- मकान/प्लाट नं. 1/643, क्षेत्रफल 44 वर्गमीटर्स, मालविया नगर, सैक्टर-1, जयपुर, राजस्थान-302017 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमाये है-पूर्व-मकान नं. 1/642, पश्चिम-मकान नं. 1/644, उत्तर-मकान नं. 1/613, दक्षिण-रोड 30 फिट **सम्पत्ति-2** - मकान/प्लाट नं. 1/420, क्षेत्रफल 90 वर्ग मीटर्स, मालविया नगर, सैक्टर-1, जयपुर, राजस्थान-302017 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमायें है- पूर्व-मकान/प्लाट नं. 1/497, पश्चिम-रोड, उत्तर-मकान/प्लाट नं. 1/419, दक्षिण-मकान/प्लाट नं. 1/421 **सम्पत्ति-3**- आइटम-1- कमरा नं. जी-4, क्षेत्रफल 129.81 वर्गफिट, ग्राउन्ड फ्लोर, सावरदा हाउस एक्सटेन्शन, म्यूनिसिपल हाउस नं. 2656, खजाने वालों का रास्ता, चांदपोल बाजार, जयपुर, राजस्थान-302001 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमाये हैं-पूर्व-कमरा नं. जी-5, पश्चिम-कमरा नं. जी-3, उत्तर-अन्य मकान, दक्षिण-पैसेज **आइटम-2**- कमरा नं. 103, क्षेत्रफल 126.28 वर्गफिट, ग्राउन्ड फ्लोर, सावरदा हाउस एक्सटेन्शन, म्यूनिसिपल हाउस नं. 2656, खजाने वालों का रास्ता, चांदपोल बाजार, जयपुर, राजस्थान-302001 का पूरा व प्रत्येक भाग, और सीमाये हैं-पूर्व-मकान नं. 104, पश्चिम-मकान नं. 102, उत्तर-अन्य मकान, दक्षिण-पैसेज |

आपको एतद् द्वारा, इस प्रकाशन के 60 दिन के अन्दर, ऊपर सूची में दर्शायी राशियों को उनकी प्रथम तिथि से, उस पर लगे आगे के समझौते में ब्याज दर तथा अन्य खर्चो, चार्ज आदि सहित आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लि. (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को भुगतान करने को कहा जा रहा है, यदि ऐसा नहीं हुआ, तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को, एसएआरएफएइएसआई एक्ट के सैक्शन 13(4) तथा सैक्शन 14 के तहत, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है) को देय राशि वसूल करने के लिये, गिरवी रखी सम्पत्तियों के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने के लिये बाध्य होना पड़ेगा / इसके अलावा उक्त एक्ट के सैक्शन 13 (13) के तहत आप उक्त सम्पत्तियों को बिक्री / लीज अथवा किसी अन्य प्रकार से ट्रांसफर नहीं करने के लिए प्रतिबंधित है।

दिनांक : 10.07.2023 ह./-

स्थान : जयपुर प्राधिकृत अधिकार, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जाना जाता है)

# नवलगढ़ में 76 मिमी. बरसात, शहर की कई बस्तियां जलमग्न

## अनेक इलाकों में जलभराव होने से लोग घरों में कैद होकर रह गए



नवलगढ़ में बरसात के बाद कई जगह पर पानी भर गया।

**नवलगढ़,** (निसं)। क्षेत्र में रविवार सुबह आठ बजे तक बीते 24 घंटे में 76 मिलीमीटर बरसात दर्ज की गई। नवलगढ़ शहर सहित क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में शनिवार दोपहर से शुरू हुई रविवार सुबह करीब 3 बजे तक रिमझिम बरसात चलती रही। रविवार को दिन में बरसात थमी रही। लेकिन शाम साढ़े छह बजे बाद फिर से शुरू हो गई जो देर रात तक जारी रही। शहर में बरसात के बाद रविवार सुबह कई निचली बस्तियां तालाब में तब्दील नजर आई।

नवलगढ़ में बकरा मंडी, मंडी गेट महामाया मंदिर के सामने वर्मा हवेली के पास वाली बस्ती, बिसायती मोहल्ला, कोठी रोड सहित अनेक इलाकों में जलभराव से लोग घरों में कैद होकर रह गए। हालांकि नगरपालिका की टीम जेनरेटर व मड पम्प की मदद से दिनभर पानी निकासी में जुटी रही। जिससे दोपहर बाद लोगों को राहत मिली। लेकिन बरसात के पानी की स्थाई ड्रेनेज व्यवस्था नहीं होने से हल्की बरसात से भी शहरवासियों को बार बार परेशानी झेलनी पड़ती है।

## जोधपुर के लिए यलो अलर्ट जारी किया

**जोधपुर,** (कासं)। रविवार को बारिश के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। दो दिन तक बारिश के आसार रहेंगे और उसके बाद 15 जुलाई से फिर नया सिस्टम एक्टिव होगा। जोधपुर शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में मानसून की गुजरने के कारण बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। यानी एक या दो स्पैल में हल्की बारिश हो सकती है। जोधपुर शहर में पिछले 3 दिन में कहीं तेज तो कहीं बूंदाबांदी जारी है। रविवार को भी बारिश का आसार कहीं कहीं हल्की बूंदाबांदी की बात छोड़ दें तो शहर में बारिश नहीं हुई। पश्चिमी राजस्थान में 2 दिन बाद मानसून की गतिविधियां थोड़ी शांत होगी। लेकिन 15 जुलाई के बाद फिर से मानसून के एक्टिव होने का दावा किया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार जोधपुर सहित 13 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विभाग की ओर से 3 घंटे का जो अलर्ट बुलेटिन जारी किया जाता है उसमें जोधपुर को यलो कैटेगरी में रखा गया है। जोधपुर शहर सहित पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश जिलों में तापमान में काफी गिरावट आई है। जोधपुर शहर में इन दिनों अधिकतम तापमान 32 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच चल रहा है। जोधपुर शहर में 1 जून से लेकर अब तक करीब 200 मिमी बारिश हो चुकी है।

## पाली में बरसात से दो बांधों पर चादर चली



पाली की बांडी नदी में पानी आने से शहरवासी पहुंचे जिसके कारण नदी के पुल के ऊपर जाम लग गया।

**पाली,** (निसं)। पिछले 4 दिनों से पाली शहर में हो रही अच्छी बारिश से पाली शहर का हेमावास बांध व बानियबास बांध ओवरफ्लो हो गए हैं। रविवार को भी सुबह एक घंटे तक बारिश हुई। कई कॉलोनियों में पानी भर गया है, जिन पर जलभराव से बचाने का जिम्मा है उनके घर के आगे भी गलियों में पानी भरा है।

पाली विधायक ज्ञानचंद पारख, सभापति रेखा राकेश भाटी, उपसभापति ललित प्रीतमानी के घरों के पास भी 20 एमएम बारिश होने पर पानी भर जाता है। इस बार शहर के नालों की पूरी सफाई नहीं होने के कारण खतरनाक स्थिति बन सकती है। नयागांव रोड स्थित सभी कॉलोनियों में पानी भरा हुआ है। पाली में जल निकासी का राउंडअप बना हुआ है। बांडी नदी का पानी लोडिया तालाब से लखोटिया तलाव यहां से रामदेव रोड नाड़ी से होकर खोडिया बालाजी के पीछे से होकर वापस पानी नदी में

■ बारिश से कई कॉलोनियों में हुआ जलभराव

गिरता है, लेकिन इस बीच आने वाले नाले नाडिया कचरे से भरी होने के कारण कई इलाकों में पानी भर सकता है। नगर परिषद के पास बजट नहीं है, दो जेसीपी खराब है पेट्रोल पंप वाले डीजल नहीं भर रहे हैं। लोगों ने कहा कि जिला कलेक्टर निर्देश देकर सफाई का काम तत्काल करवाएं नहीं तो दो-चार दिन में हालत खराब होंगे, क्योंकि मौसम विभाग अनुसार 3 दिन तक जोरदार बारिश होगी।

पाली तहसील के आसपास क्षेत्र में अच्छी बारिश होने का खेरवा , मारवाड़ धामली गांव की नदिया चलने से पाली की बांडी नदी इस सीजन में दूसरी बार चली। जिसे देखने शहरवासी पहुंचे। जिसके कारण नदी के पुल के ऊपर शाम पांच बजे से जाम लग गया।

# बारिश से देवयानी सरोवर में आया तीन फीट पानी



सांभर में रविवार को आई बारिश से देवयानी तीर्थ स्थल में तीन फीट पानी की आवक हुई।

**सांभरझील,** (निसं)। यहां देवयानी सरोवर में रविवार की शाम आई मूसलाधार बारिश से करीब 3 फीट पानी की आवक होने से सरोवर में हजारों की तादाद में मछलियों पर गहराता जल संकट फिलहाल टल गया है। करीब डेढ़ घंटे तक मूसलाधार बारिश होने से तीर्थ स्थल स्थित गोमुख से तेज पानी की जलधारा बहती देख यहां के पुजारियों के चेहरे भी खिल उठे। वहीं सांभर में रविवार को 70 मिमी बरसात हुई।


वहीं दूसरी ओर देवयानी स्थित ही संकट मोचन हनुमान मंदिर के सामने बड़ के बालाजी मंदिर में बारिश का पानी चारों ओर भर गया। पर्यटन विभाग की ओर से करीब चार साल पहले तीर्थ स्थल के चारों ओर बनवाई गई सड़क का ढलान मंदिर की तरफ होने के कारण इस मंदिर में पानी भरने की समस्या हर बारिश में देखने को मिलती है। यहां के पुजारी विकास शर्मा ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान कार्यकारी एजेंसी की

■ सरोवर में हजारों की तादाद में मछलियों पर गहराता जल संकट टला

ओर से मापदंडों का उल्लंघन करते हुए गलत तरीके सड़क बनाकर यहां के मंदिरों के अस्तित्व को खतरे में डाल दिया है। क्योंकि बारिश का पानी सड़क नाली से ऊंची होने के कारण प्रवेश द्वार से होता हुआ मंदिर में भर जाता है। इसका समाधान करवाने के लिए क्षेत्रीय विधायक को भी कई दफा बता दिया लेकिन उनकी ओर से भी कोई कारगर कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

पालिका प्रशासन एक तरफ सफाई व्यवस्था के लिए बेहतर अंक लाने का प्रयास कर रही है दूसरी तरफ सफाई व्यवस्था आज भी अनेक जगहों पर चरमराई हुई है बारिश की वजह से नया बस स्टैंड पर भी चारों ओर पानी भरा होने से लोगों को बेजा परेशानी का सामना करना पड़ा।

# भरतपुर शहर के कई हिस्सों में जलभराव



भरतपुर में बरसात होने से गलियों में पानी भर गया।

**भरतपुर,** (निस)। रविवार को दोपहर में मौसम में बदलाव के साथ आसमान में घने बादलो ने डेरा ही नहीं डाला अपितु कुछ देर घनघोर बरसे भी और मौसम खुशनुमा भी हो गया लेकिन इसी के साथ शहर के अधिकांश नाले नालियां बंद होने के कारण तेज बारिश के चलते कई इलाकों में जलभराव होने से सड़कों ने दरिया का रूप ले लिया।

जल भराव से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शहर में मुख्य बाजार की सड़कों के साथ गली मोहल्लों की गलियों में पानी भरने से दुपहिया वाहन चालकों के साथ राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कुल मिलाकर

■ इलाकों में जलभराव होने से सड़कों ने दरिया का रूप ले लिया

बदहाल व्यवस्था के बीच हर कोई नगर निगम की सफाई व्यवस्था के दावों पर सवाल उठाता नजर आया।

लोगों के बीच यह भी चर्चा रही कि आखिर भरतपुर विधायक के राज्यमंत्री होने के बाद भी नाले नालियों के लाखों के बजट को कौन लोग हजम कर गए और किसी को पता भी नहीं लगा। शहर की कुछ कॉलोनियां तो ऐसी है। जहां थोड़ी से बरसात ही आफत बन जाती है। जहां कुछ कॉलोनियों में तो जलभराव कुछ समय बाद ठीक हो जाता है। वहीं कुछ कॉलोनियों में पानी निकलने के लिए लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

ऐसे में लोगों का जीवन-यापन बुरी तरह प्रभावित होता है। शहर की सरकूलर रोड के बाहर दर्जनों कॉलोनियों में बारिश के बाद जलभराव की स्थिति बन गई। वहीं शहर के अंदर नगर निगम के ठीक पीछे स्थित रसाला मौहल्ला में जरा सी बारिश से कॉलोनी में दो-दो फुट पानी जमा हो गया।

# सोती हुई पत्नी का काट दिया गला, मौत

■ जहर पीकर पति ने किया सुसाइड का प्रयास

■ जान बची तो पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सूरतगढ़,** (निसं)। सोती हुई पत्नी का धारदार हथियार से गला काटने के बाद पति ने जहर खा लिया। पत्नी को मौत हो गई, लेकिन लोगों ने युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी जान तो बच गई, लेकिन पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। मामला सूरतगढ़ सदर थाना क्षेत्र का है। घटना गांव 15 एसजीआर में 30 जून को हुई। स्वास्थ्य में सुधार के बाद हत्या के आरोपी पति महेंद्र पुत्र मुखराम जाट को अस्पताल से छुट्टी दी गई थी। जिसके बाद पुलिस ने गिरफ्त में ले लिया।

सदर थाना प्रभारी सुभाष बराला ने बताया कि अलसुबह मुखराम जाट ने अपने घर में चारपाई पर सोई हुई पत्नी की धारदार हथियार से गला काट कर हत्या कर दी थी। यही नहीं, आरोपी ने खुद भी कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया था। घटना के बाद ग्रामीणों ने अचेत अवस्था में महेंद्र जाट को निरवाना गांव के सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया था, जहां उसका लगातार उपचार चल रहा था। आरोपी को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पुलिस ने उसे राउंडअप करते हुए पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। एसएचओ बराला ने बताया कि हत्यारोपी महेंद्र जाट ने प्रारंभिक पूछताछ में आपसी मनमुटाव के चलते पत्नी रानी देवी की हत्या करना स्वीकार किया है। पुलिस आज आरोपी महेंद्र जाट को मजिस्ट्रेट के समक्ष कर रिमांड पर लेगी। साथ ही वारदात में प्रयुक्त हथियार भी बरामद किया जाएगा।

लॉकडाउन के दौरान महेंद्र जाट ने बिहार मूल की निवासी रानी देवी के साथ शादी रचाई थी, जिसकी उसने अपने ही हाथों से हत्या कर दी। साथ ही खुद ने भी कीटनाशक का सेवन कर सुसाइड का प्रयास किया। परन्तु आरोपी की हालत गंभीर होने के कारण पुलिस ना बयान ले पाई और ना ही उसकी गिरफ्तारी कर सकी। लगातार निगरानी कर रही सदर पुलिस ने स्वास्थ्य में सुधार होने पर छुट्टी मिलते ही महेंद्र को गिरफ्त में ले लिया। हत्या के इस मामले में भगवानगढ़ गांव की महिला सरपंच के पति गगनदीप सिंह की ओर से सदर पुलिस थाना में महेंद्र जाट के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया था।

## डिग्गी कल्याणजी का मेला 22 से

**मालपुरा,** (निसं)। विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल डिग्गी कल्याणजी महाराज का 58वां श्रावण लक्खी मेला 22 अगस्त से 27 अगस्त तक आयोजित होगा।

लक्खी पदयात्रा संयोजक श्रीजी शर्मा ने बताया कि 22 अगस्त को प्रातः 9 बजे ताडकेश्वर मंदिर चौड़ा रास्ता जयपुर से पदयात्रा के शाही निशान के साथ पदयात्रियों का जत्था रवाना होगा जो कि मदरामपुरा में पहला विश्राम कर 23 को हरसुलियां, 24 को फागी, 25 को चौसला व 26 को डिग्गी पहुंचकर शाम 5 बजे प्रशासनिक अधिकारियों व श्रीजी भक्तों के साथ गाजे-बाजे से शोभायात्रा निकाल मंदिर पहुंच मंदिर शिखर पर निशान चढ़ाया जायेगा।

## चार हथियार तस्कर गिरफ्तार

**करौली,** (निसं)। जिले में जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के निर्देशन में अवैध हथियारों कि खरीद-फरोख्त तस्करी करने वालों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत जिले के मंडरायल और बालघाट थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए चार अवैध देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस सहित चार हथियार तस्कर गिरफ्तार किये।

मंडरायल थाने के नवनियुक्त थानाधिकारी रामनिवास गुर्जर ने मय पुलिस जाप्ता के हथियारों कि तस्करी करते दो तस्कर अतर सिंह पुत्र भगवती मीणा निवासी तुरसमपुरा थाना मंडरायल प्रवीण पुत्र उम्मेद मीणा निवासी नयागांव थाना मंडरायल 2 अवैध देसी कट्टा 315 बोर सहित अतर सिंह पुत्र भवगती मीणा निवासी तुरसमपुरा थाना मंडरायल, प्रवीण पुत्र उम्मेद मीणा निवासी नया गांव को गिरफ्तार किया जिनसे पूछताछ जारी है।

उधर बालघाट थानाधिकारी अवजीत कुमार के नेतृत्व मे गठित अलग-अलग पुलिस टीमो द्वारा कार्यवाई करते हुए किसी संगीन वारदात की फिराक में अवैध हथियार लेकर घूमरहे राजाराम पुत्र भूरसिंह मीणा निवासी भोपुर, विजय सिंह मीणा रूप नारायण मीणा निवासी भोपुर को एक अवैध हथकड़ देसी कट्टा एवं एक अवैध पोना बारह बोर दो जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किये जिनसे पूछताछ जारी है।

## कीटनाशक के प्रभाव से एक की मौत

**सादुलपुर,** (निसं)। गाँव राघा छोटी की रोही में अपने खेत में कृषि कार्य करते समय एक व्यक्ति की मूंग की फसल में स्प्रे करते समय कीटनाशक दवा के प्रभाव से मौत हो गई। जिसकी राजगढ़ थाने में मर्ग दर्ज की गई है। राजगढ़ थाने में रूपेश पुत्र अनुप सिंह जाट निवासी राघा छोटी पुलिस थाना राजगढ (चूरू) ने इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि आठ जुलाई की शाम को करीबन पांच बजे उसके चाचा का लड़का संदीप पुत्र सुरेश जाट निवासी राघा छोटी खेत में मूंग की फसल में स्प्रे करने के लिए गया हुआ था। जैसे ही रूपेश खेत में पहुंचा तो संदीप बेहोशी की हालात में मूंग की फसल में पड़ा हुआ था।

# बाघिन एसटी-19 ने दो शावकों को जन्म दिया

## सरिस्का का वैश्विक स्तर पर अपना एक इतिहास रहा हैः जूली

**अलवर,** (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने विश्व पटल पर अपनी विशेष पहचान बना चुके सरिस्का में लगातार बढ़ रहे कुनबे को लेकर खुशी जाहिर की है। मंत्री जूली ने बताया कि सरिस्का टाइगर रिजर्व में बाघिन एसटी-19 ने दो शावकों को जन्म दिया है जिससे यहां निश्चित तौर पर पर्यटक एवं पर्यटन दोनों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने सरिस्का के अधिकारियों को बाघों की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने वन एवं पर्यावरण मंत्री हेमाराम चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि, बाघिन एसटी 19 के शावकों के साथ पहली बार नजर आई है अब करीब डेढ वर्ष बाद फिर बाघिन ने दो शावकों को जन्म दिया है ऐसे में यहां पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

# पौंड में डूबने से दो चचेरे भाईयों की मौत

## पुलिस ने सिविल डिफेंस टीम व ग्रामीणों की मदद से दोनों को बाहर निकाला

**चाकसू,** (निसं)। जिले के चाकसू उपखंड के ठिकरिया गुजरान गांव के खेत में बने बिना मुंडेर के फार्म पौंड में डूबने से एक ही परिवार के दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। सूचना पर कोटखावदा थाना अधिकारी विजय सिंह मय जाप्ते मौके पर पहुंचे और सिविल डिफेंस टीम व ग्रामीणों की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद दोनों भाई सचिन व विकास को बाहर निकालकर उपजिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस व परिजनों ने बताया कि सचिन व विकास गांव से बाहर खेत पर पशु चराने गए थे। इस दौरान पैर फिसलने से फार्म पौंड में विकास गिर गया और डूबने लगा। यह देखकर पास ही खड़ा सचिन भी विकास को बचाने के लिए पानी में कूद गया, इनकी आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग मौके पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस कोटखावदा थाना अधिकारी विजय सिंह मय जाब्ते मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद दोनों

■ पुलिस व परिजनों ने बताया कि दोनों गांव से बाहर खेत पर पशु चराने गए थे

को बाहर निकाला और उप जिला अस्पताल चाकसू पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया और पुलिस ने थाने के बाहर स्थित मोर्चरी में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

इस दौरान चाकसू एसडीएम अशोक कुमार रिणवा, एसीपी अजय कुमार शर्मा भी यहां पहुंचे जिन्हें ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा। पुलिस मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही दोनों बच्चों के शव घर पर पहुंचे तो परिजनों का रो-रो के बुरा हाल हो गया। मृतक बच्चों की मां बार- बार बेहोश हो रही थी जिन्हें देखकर हर व्यक्ति की आँखे नम थी।


**कार्यालय श्री सांवलियाजी मंदिर मण्डल मण्डफिया, जिला -चित्तौड़गढ़ ( राज. )**

क्रमांक/लेखा/श्रीसांमंमं/2023-24/773 दिनांक:-08.07.2023

**-: ई- निविदा सूचना -14/2023-24:-**

श्री सांवलियाजी मंदिर मण्डल, मण्डफिया द्वारा सोना व चांदी आपूर्ति कार्य एवं हाईमास्ट लाईट्स लगाने का कार्य (कुल 02 निविदाएं) हेतु उपयुक्त विभाग व श्रेणी में पंजिकृत संवदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया के माध्यम से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व सम्बन्धित विवरण व अन्य शर्तें इन्टरनेट वेबसाईट **www.eproc.rajasthan.gov.in** तथा **sppp.raj.nic.in** पर उपलब्ध है। ऑनलाईन निविदा प्रपत्र **www.eproc.rajasthan.gov.in,** पर दिनांक 10.07.2023 को प्रातः 09.00 बजे से उपलब्ध होकर दिनांक 19.07.2023 सायं 06.00 बजे तक ऑनलाईन जमा किये जा सकते है। निविदाओं का निविदा शुल्क, धरोहर राशि व प्रोसेसिंग फीस श्री सांवलियाजी मंदिर मण्डल के बैंक ऑफ बडौदा, शाखा-मण्डफिया के खाता क्रमांक- 52430100000001 **IFSC-BARBOMANDPH** में **RTGS/NEFT/IMPS/UPI** के माध्यम से जमा करवानी होगी। ऑनलाईन प्राप्त निविदाओं का तकनिकी भाग दिनांक 20.07.2023 को दोपहर 12.00 बजे मंदिर मण्डल के चित्तौड़गढ़ कलेक्ट्रेट परिसर कमरा नं. 04 में स्थित कार्यालय में ऑनलाईन खोली जावेगी।

**NIB NO- SMM2324A0014**

**मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री सांवलियाजी मंदिर मण्डल**

# सावन की झमाझम बारिश ने जयपुर के 'ड्रेनेज सिस्टम' की पोल खोली

## रामबाग चौराहे से लेकर नारायण सिंह सर्किल तक की सड़क दरिया बनकर बहती दिखी

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। सावन माह की पहली झमाझम बारिश ने राजधानी जयपुर के ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोलकर रख दी है। रविवार शाम को हल्की सी तेज बारिश में रामबाग चौराहे से लेकर नारायण सिंह सर्किल के बीच सड़क दरिया में तब्दील हो गई। देखते ही देखते सड़क पर पानी भर गया, इसमें से गुजरने वाले कई दुपहिया वाहन चालक फिसलकर गिरे, वहीं कई चौपहिया वाहन और ई-रिक्शा भी पानी के बीच जाकर बंद पड़ गए।

दरअसल रविवार अलसुबह से ही शहर के आसमां पर काले बादलों ने डेरा डाल रखा था। सुबह से ही शहर में छितराई बारिश का

- शहर की सड़कों पर भरे बारिश के पानी के तेज बहाव में कई दुपहिया वाहन चालक फिसलकर गिरे
- बारिश से जयपुर के तापमान में भी करीब 3 डिग्री गिरावट आई, गर्मी और उमस से राहत मिली
- ग्रेटर-हैरिटेज निगम प्रशासन शहर के तमाम नालों की सफाई का दावा ठोक रहा, लेकिन बारिश शुरू होते ही इन दावों की पोल खुलनी शुरू हुई



रविवार शाम को राजधानी जयपुर में तेज बारिश के चलते रामबाग चौराहे से लेकर नारायण सिंह सर्किल के बीच टोंक रोड पर पानी भर गया। फोटो-राष्ट्रदूत


चल रहा था। दोपहर करीब 3 बजे बाद अचानक शहर में तेज बारिश शुरू हुई, जिससे देखते ही देखते सड़कें जलमग्न हो गईं। करीब दो घंटे तक शहर में कभी तेज तो कभी मध्यम बारिश का दौर चला। हालांकि बारिश के कारण तापमान में भी करीब 3 डिग्री तक गिरावट आई और गर्मी व उमस से भी हल्की राहत मिली।

उधर जयपुर परकोटे, 22 गोदाम, तख्तेशाही रोड, नारायण सिंह सर्किल, अजमेर पुलिया, कमला नेहरू नगर, मानसरोवर और रामबाग चौराहे पर जगह-जगह पानी भर गया। इस कारण काफी देर तक ट्रेफिक जाम भी लगा रहा। शाम होते-होते इन इलाकों में वाहन सड़कों पर रेंग-रेंगकर चलते दिखे। मजेदार बात यह है कि ग्रेटर और हैरिटेज नगर निगम प्रशासन जयपुर के तमाम नालों की सफाई का दावा कर रहा है, लेकिन सड़कों पर हल्की सी बारिश में भर रहा पानी कुछ और ही हकीकत बयां कर रहा है। ऐसे में नाला सफाई के कामों में भ्रष्टाचार और लीपापोती की संभावना से भी नकारा नहीं जा सकता।

उधर मौसम विभाग ने सोमवार को भी जयपुर शहर में भारी बारिश व मेघ गर्जन व वज्रपात की संभावना जताई है।

मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग में आगामी 24 घंटों तक मानसून सक्रिय रहने तत्पश्चात बारिश की गतिविधियों में कमी होने की सम्भावना है।

बीकानेर संभाग में 15 जुलाई से पुनः मानसून सक्रिय होने से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। पूर्वी राजस्थान के जयपुर, भरतपुर, उदयपुर, अजमेर व कोटा संभाग के जिलों में आगामी दो-तीन दिन मानसून सक्रिय रहने व अधिकांश भागों में हल्के से मध्यम बारिश व कहीं कहीं भारी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। पूर्वी राजस्थान में 12 जुलाई से भारी बारिश की गतिविधियों में कमी होने की संभावना है। तत्पश्चात 14-15 जुलाई से पुनः मानसून सक्रिय होने से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है।



बारिश के चलते शहर में जहां-जहां सड़कों पर पानी भरा, वहां-वहां भारी ट्रेफिक जाम भी लगा। फोटो-राष्ट्रदूत

# पति ने पुलिस थाने में पत्नी को दिया 'तीन तलाक'

## दहेज के मामले में बयान देने माणक चौक थाने आया था आरोपी युवक

**जयपुर**। राजधानी जयपुर के महिला थाना उत्तर में दहेज के मामले में बयान देने आया आरोपी पति ने अपनी पत्नी को तीन तलाक दे दिया। पुलिस ने जब उसे समझाने का प्रयास किया तो बोला अपनी पसन्द की दूसरी महिला से शादी कर ली है और थाना परिसर में पत्नी को ट्रिपल तलाक देकर चला गया। इस संबंध में माणक चौक थाने में पीड़िता ने पति के खिलाफ तीन तलाक का मामला दर्ज करवाया है।

जांच अधिकार एएसआई रईश मोहम्मद ने बताया कि नाई की थड़ी जयसिंहपुरा खोर निवासी रेशमा (27) पत्नी साबिर खान ने मामला दर्ज कराया है उसका निकाह बूंदी के साबिर(33) के साथ वर्ष 2018 सितम्बर में हुआ था। जिसके बाद से ससुराल वाले उसे पांच लाख रूपए दहेज की मांग कर उसे घर से निकाल दिया। वर्ष 2021 में पीड़िता ने अपने पति और ससुर के खिलाफ दहेज मांगने का मामला दर्ज कराया। जिसके बाद अक्टूबर 2021 में थाने में आकर दोनो पक्षों ने राजीनामा कर लिया।

कुछ ही दिनों बाद ससुराल वाले फिर से दहेज के लिए परेशान करने लग गए और अगस्त 2022 को घर से निकाल दिया। जिसके बाद 27 फरवरी 23 को पीड़िता ने फिर से दहेज का मामला महिला थाना उत्तर में दर्ज कराया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने उसे 7 जुलाई को साबिर को थाने बुलाया गया। बातचीत के दौरान साबिर कहा कि अटरू जिला बारां निवासी एक महिला से अपनी पसंद की शादी कर ली।

दोनों पक्षों को बैठा कर बातचीत करवाने के दौरान पति गुस्से में हो होकर जांच अधिकारी के कमरे से बाहर निकल कर थाने परिसर में आ गया। पीछे-पीछे पीडित रेशमा भी कमरे से बाहर आई। जहां आरोपित साबिर ने चलते-चलते उसे तलाक, तलाक, तलाक कहकर थाने से चला गया। जिसके बाद पीड़िता ने माणक चौक थाने में आरोपी पति के खिलाफ ट्रिपल तलाक का मामला दर्ज करवाया।

# अवैध शराब बेचने वाले 15 बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर**। पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने शनिवार देर रात शराब की सप्लाई करने वाले शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस ने इस दौरान अलग-अलग जगहों पर देर रात को शराब बेचने वालों के खिलाफ 15 एफआईआर दर्ज कर 5 महिला सहित 15 बदमाशों को गिरफ्तार किया। अधिकांश शराब तस्कर शराब की दुकान के बाहर या फिर अन्य जगहों में शराब को रख कर बेच रहे थे। पुलिस कार्रवाई के बाद से शराब का अवैध काम करने वालों में डर बना हुआ हैं।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर कैलाश चंद बिश्नोई ने बताया कि जयपुर शहर में अवैध नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे विषेश अभियान के अंतर्गत कार्रवाई करते हेतु एडिशनल डीसीपी क्राइम सुलेश चौधरी ने टीम का गठन किया। यह ऑपरेशन शुरू कराया। जयपुर शहर में विशेष अभियान के तहत अवैध रूप से शराब को बेचने और खरीदने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई हैं।

सीएसटी ने जयपुर में गली, मोहल्लों में फुटकर विक्रेताओं द्वारा अवैध शराब बेचान करने वालों को चिह्नित किया गया। गठित टीमों ने सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर मुखबीर खास से प्राप्त सूचनाओं पर थाना पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई करते हुए थाना बस्सी, करणी विहार, ज्योति नगर, शिवदासपुरा, जयसिंहपुरा खोर, हरमाड़ा, शिप्रापथ, सेज, मालपुरागेट, गलतागेट, ट्रांसपोर्ट नगर एवं तूंगा थाना इलाकों में अवैध रूप से शराब बेचते हुए 5 महिलाओं सहित 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इन शराब तस्करों के पास से 51 पेटी अवैध शराब (26 पेटी देशी शराब, 10 पेटी अंग्रेजी शराब व 15 पेटी बीयर बरामद कर जब्त किया। सांगानेर सदर,मानसरोवर, माणक चौक में रात 8बजे बाद शराब ठेके खोलने वालों के खिलाफ आबकारी विभाग को कार्रवाई के लिए सूचना दी हैं।

## सार-समाचार

### पौधारोपण अभियान का शुभारंभ



**जयपुर**। बेस्ट कैपिटल की ओर से इस वर्ष मानसून में पांच हजार पौधे लगाए जाएंगे। पौधारोपण अभियान का शनिवार को शुभारंभ हो गया। आयोजक अरूण बगड़िया ने बताया कि हर साल शहर के स्कूल, पार्क, मोक्षधाम, ग्रामीण क्षेत्रों और हिंगोनिया गौशाला में पौधारोपण किया जाता है। इस वर्ष मानसून में फलों और छायादार 5 हजार पौधे लगाए जाएंगे। इस बार इस अभियान का शुभारंभ चांदावास गांव से किया गया है। पौधरोपण के अवसर पर पूनम बगड़िया, रामविलास शर्मा, इंद्र सिंह, मोहन बगड़िया, पंकज विजय वर्गीय, सुरेंद्र सिंह, जितेंद्र यादव, हेमंत जांगिड़ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### महर्षि पाराशर की शोभायात्रा निकली

**जयपुर** (कासं)। पारीक महासभा समिति जयपुर के बैनर तले पारीक समाज के जनक ज्योतिष विद्या के रचयिता महर्षि पराशर जी की 76 वीं शोभायात्रा निकाली गई। शाही लवाजमे के साथ निकली शोभाय़ात्रा से आसपास का क्षेत्र भक्ति और आस्था के रंग में डूब गया। शोभायात्रा की शुरुआत में पूर्व विधायक सरेन्द्र पारीक, पारीक महासभा समिति के अध्यक्ष के.के.पारीक, महासचिव लक्ष्मीकांत पारीक व पारीक समाज के प्रबुद्धजनों ने महर्षि पराशर जी की आरती की। शोभायात्रा श्री ठाकुर जी गोपाल जी महाराज पारीक पंचायती मंदिर बारह भाइयो का चैराहा से प्रारंभ हुई जगह-जगह पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण शोभायात्रा का प्रदूषण मुक्त होना व 301 महिलाओं का एक ही परिधान में होना रहा। शोभायात्रा का विसर्जन नादर जी के मंदिर राजा शिवदास जी के रास्ते में हुआ,जहाँ समाज की आमसभा हुई जिसमें दहेज रहित शादी व महंगी शादियों पर रोक का प्रस्ताव रखा गया। जिसके पश्च्यात बंधुओं ने प्रसादी का आनंद लिया।

### डॉ. संदीप कबड्डी टीम के प्रमुख फिजियो

**जयपुर**। दुबई में आयोजित हुई पहली महिला कबड्डी लीग प्रतियोगिता 2023 में डॉ संदीप सैनी को खिलाड़ियों की खेल के दौरान लगी चोटों से राहत दिलाने के लिए प्रमुख फिजियो के रूप में चुना गया। इस लीग प्रतियोगिता का आयोजन बाब अल अहली स्पोर्ट्स क्लब दुबई के द्वारा किया गया। जिसमें 8 टीमों ने भाग लिया। डॉ. संदीप सैनी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भारत वर्ष के लगभग संपूर्ण राज्यों की महिला कबड्डी खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इससे महिला खिलाड़ियों का खेल के प्रति-उत्साह बढ़ा जिससे महिला शक्ति को भी बढ़ावा मिलेगा। त्रिवेणी संगम विकास समिति खेल सचिव रमेश सैनी के अनुसार ग्रामीण प्रवेश से आने वाली महिला खिलाड़ियों के उत्थान के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करने में टीम निदेशक प्रदीप कुमार नेहरा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### 'जरूरतमंदों को राशन-कंबल बांटेंगे'

**जयपुर** (कासं)। गोपीचंद लालवानी मेमोरियल चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से गरीब व जरूरतमंद परिवारों को राशन, कम्बल, विधवाओं को सिलाई मशीन और भोजन की सहायता की जायेगी। संस्था के अध्यक्ष गिरीश लालवानी ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सामाजिक हित में ट्रस्ट के द्वारा यह कार्य किये जा रहे है। जरूरतमंदों की मदद के लिए जल्द ही जयपुर शहर में कैंप भी लगाए जाएंगे।

# भ्रूण लिंग परीक्षण के नाम पर धोखाधड़ी करते दलाल नर्सिंग ऑफिसर गिरफ्तार

## राज्य पीसीपीएनडीटी थाने की सांगानेर में कार्रवाई

**जयपुर**। राज्य पीसीपीएनडीटी प्रकोष्ठ ने रविवार को एक डिकॉय कार्रवाई करते हुए भ्रूण लिंग जांच के नाम पर धोखाधड़ी करते हुए एक दलाल नर्सिंग ऑफिसर को जयपुर के सांगानेर की सरस्वती कॉलोनी से गिरफ्तार किया है। साथ ही उससे भ्रूण लिंग जांच के नाम पर ली गई राशि के हुबहू नोट भी बरामद भी किए हैं।

अध्यक्ष राज्य समुचित प्राधिकारी पीसीपीएनडीटी एवं मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने बताया कि गिरफ्तार ओरापी दलाल नर्सिंग ऑफिसर रणवीर सिंह निवासी कारी, नवलगढ़ जिला झुंझुनूं है। उन्होंने बताया कि मुखबिर के माध्यम से झुंझुनूं और सीकर जिले के आसपास के इलाकों में एक अज्ञात गिरोह द्वारा गर्भवती महिलाओं की भ्रूण लिंग जांच किए जाने की सूचना प्राप्त हो रही थी। उन्होंने बताया कि सूचना की पुष्टि के बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीसीपीएनडीटी सतवीर सिंह के नेतृत्व में एक डिकॉय दल का गठन किया गया।

डॉ. सोनी ने बताया कि एक दलाल विकास खीचड़ ने डिकॉय गर्भवती महिला एवं सहयोगी से बातचीत कर 65000 में भ्रूण लिंग जांच करवाने की बात कही। इसके एवज में उसने 30000 ऑनलाइन पेटीएम के माध्यम से ट्रांसफर भी करवाएं। इसके बाद दलाल विकास ने डिकॉय गर्भवती को रतनगढ़ के बस स्टैंड पर बुलाया। वहां से अपनी गाड़ी में एक अन्य दलाल रणवीर सिंह के साथ उन्हें डिकॉय गर्भवती को जयपुर के सांगानेर स्थित सरस्वती कॉलोनी में एक निजी मकान में लेकर आया। वहां पर उन्हें आसपास के इलाकों में डॉक्टर न मिलने पर उसने शेष राशि 35000 की नगद मांगी और रफूचक्कर होने की फिराक में था। ऐसे में पीसीपीएनडीटी डिकॉय दल ने उसे भ्रूण लिंग जांच के नाम पर धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया और 35 हजार की राशि भी जब्त कर ली। पीसीपीएनडीटी डिकॉय दल ने धारा 420 एवं 120- बी आईपीसी में मालपुरा थाना गेट में मामला दर्ज कराया है। दलाल विकास की तलाश जारी है। उल्लेखनीय है कि दलाल रणवीर सिंह नवलगढ़ के जाखल सीएचसी पर नर्सिंग ऑफिसर के रूप में कार्यरत है। कार्रवाई में हेड कांस्टेबल चंद्रभान, कैलाश चंद, कांस्टेबल नरेंद्र कुमार, पीसीपीएनडीटी समन्वयक नंदलाल पूनिया एवं सीकर के बी एस मील शामिल थे।

# रिश्तेदार ने किया विवाहिता से दुष्कर्म

**जयपुर**। खोह-नागोरियान इलाके में रिश्तेदार द्वारा विवाहिता से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। मिलने के बहाने घर आए रिश्तेदार ने अकेला पाकर विवाहिता से जबरदस्ती की। विरोध कर शोर मचाने पर लोगों ने आरोपी को पकड़कर पिटाई कर दी। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि खोह नागोरियान निवासी 22 साल की विवाहिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि आरोपी रिश्तेदार उसका जेठ है। गत 30 जून को वह घर पर अकेली थी। शाम करीब 7 बजे आरोपी रिश्तेदार मिलने के बहाने घर आया। चाय पीने के बाद रसोई में जाने पर आरोपी रिश्तेदार ने गेट बंद कर लिया। घर में अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती रेप किया। विरोध कर शोर मचाने पर भागते समय लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और लोगों ने जमकर पिटाई के बाद आरोपी रिश्तेदार को छोड़ दिया। पति के घर आने पर पीड़िता ने आपबीती सुनाई।

# अपहरण कर महिला से दुष्कर्म की कोशिश

**जयपुर**। सांगानेर सदर पुलिस ने एक विवाहिता की शिकायत पर एक युवक के खिलाफ अपहरण व दुष्कर्म के प्रयास करने का मामला दर्ज किया है। पीड़िता ने शिकायत दी है कि वह 7 जुलाई को बक्सावाला में थी, इसी दौरान आरोपी रामलाल ने उसे जबरन अपनी गाड़ी में बिठा कर ले गया। आरोपी रामलाल ने उसके साथ जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और फिर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला के विरोध करने पर महिला मौके से भाग निकली। पीड़िता ने घर पहुंच अपने साथ हुई घटना की जानकारी परिवार को दी। जिसके बाद परिवार सांगानेर सदर थाने पहुंचा और पीड़िता के साथ हुई घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी रामलाल के खिलाफ शिकायत दर्ज की।

पुलिस ने बताया कि महिला ने आरोप लगाया है कि रामलाल ने उसका अपहरण किया और फिर उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। आरोपी उसे पहले से जानता है जिसका फायदा उठाकर आरोपी ने इस घटनाक्रम को अंजाम दिया। महिला ने जब उससे यह सब करने से मना किया तो आरोपी ने उसे जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए भद्दी भद्दी गालियां दी। महिला ने पूरे घटनाक्रम को अपने परिवार के साथ साझा किया जिसके बाद परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी रामलाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया और अब उसकी तलाश शुरू कर दी है। आरोपी के संभावित ठिकानों पर पुलिस निरंतर दबिश दे रही है। वही महिला का मेडिकल करा दिया गया है। महिला का आज कोर्ट के समक्ष 164 के बयान भी दर्ज किए जाएंगे।

# झालाना लेपर्ड रिजर्व में दो पर्यटक घायल

**जयपुर**। झालाना लेपर्ड रिजर्व में रविवार सुबह सफारी के दौरान हादसा हो गया, जिसमें चंडीगढ़ से जयपुर घूमने आए 2 पर्यटक घायल हो गए। जिसके बाद वन विभाग की टीम आनन-फानन पर्यटकों को नजदीकी हॉस्पिटल लेकर पहुंची। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई है। इस पूरी घटना के बाद डीसीएफ ने झालाना लेपर्ड रिजर्व के स्टाफ से इस पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी है। झालाना लेपर्ड रिजर्व के रेंजर जनेश्वर चौधरी ने बताया कि रविवार सुबह 7 बजे चंडीगढ़ के पर्यटक जिप्सी में सवार होकर ट्रेक नंबर 2 पर सफारी के लिए निकले थे। सफारी के दौरान इलीगल वाटर पॉइंट के नजदीक गाड़ी रिवर्स लेने के दौरान जिप्सी पेड़ के ठूंठ से टकरा गई। इस दौरान जिप्सी में सवार 2 पर्यटक जिप्सी में ही लगे लोहे के पाइप से टकरा गए। जिसकी वजह से उनके नाक और सिर पर मामूली चोट आई थी।

# विदेश भेजने के नाम पर युवक से धोखाधड़ी

**जयपुर**। राजधानी में विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित महेंद्र सिंह तंवर ने करणी विहार थाने में मामला दर्ज करवाया है। पीड़ित ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि विमल देवानी और गिरीश देवानी दोनों भाई हैं, जिन्होंने उसके जवाई अशोक सिंह को विदेश भेजने के नाम पर 3 लाख 96 हजार रुपए लिए। आरोपियों ने अशोक सिंह को विदेश तो भेज दिया, लेकिन वहां जाकर उसका पासपोर्ट जप्त कर लिया।

पुलिस ने बताया कि बिंदायका निवासी महेंद्र सिंह ने शिकायत दर्ज कराई है कि 31 दिसंबर 2022 को विमल देवानी ने उसके जवाई अशोक सिंह को विदेश भेजने के नाम पर 3 लाख 96 हजार रुपए लिए। विदेश में उसे अच्छी नौकरी और पैसा दिलाने का झांसा दिया। आरोपियों ने अशोक सिंह को विदेश में मजदूरी कराई। उसका पासपोर्ट और जरूरी दस्तावेज जब्त कर लिए। इस पर अशोक सिंह ने पूरी घटना की जानकारी अपने ससुर महेन्द्र सिंह को दी। महेन्द्र सिंह ने विमल देवानी और गिरीश देवानी से बात की। इस पर दोनों कबूतरबाजों ने अशोक सिंह को वापस भारत लाने के लिए साढे 3 लाख रुपए की डिमांड की। जवाई को वापस बुलाने के लिए सुसर महेन्द्र सिंह ने अपनी जीवन भर की कमाई को आरोपियों को दे दिया। जिसके बाद आरोपियों ने पीड़ित के जवाई को भारत बुला लिया। पीड़ित ने जवाई के घर आने पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। करणी विहार थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

पीड़ित का आरोप है कि आरोपी अशोक सिंह को विदेश में मजदूरी नहीं दिया करते थे। बाद में उनके जवाई को जयपुर बुलाने के नाम पर करीब 4 लाख रुपये ऐंठ लिए।

# नर्सेज संघर्ष समिति की महासभा आज

मानसून की पहली 1 घंटे की बारिश में दुकानों के अंदर पानी भरने से हुए लाखों के व्यापारियों के नुकसान की खबर पर व्यापारियों से मुलाकात करने व नुकसान का जायजा लेने पहुंची वन्यजीव बोर्ड की सदस्य सिमरन कौर ने डोर टू डोर दुकान दुकान पहुंचकर व्यापारियों से बात की और नुकसान की जानकारी ली।

व्यापारियों ने बताया कि, मानसून शुरू होने के बाद भी नगर पालिका ने ना तो नालों की सफाई कराई बल्कि जोहड़ खाई से होकर निकलने वाले पानी को पाल बांधकर रोक दिया गया। अगर मानसून से पहले नालों जोहड़ खाई की सफाई का कार्य पूरा करा दिया गया होता तो करीब 1 घंटे की बारिश में किशनगढ़बास के बाजार मोहल्ले कॉलोनी पानी से लबालब भर गए दुकान मकानों में पानी नहीं भरता और ना ही व्यापारियों का लाखों रुपए का पर परचुनी कपड़े जूते चप्पल आदि सामान पानी में खराब होता।



किशनगढ़ बास में बारिश से हुए नुकसान का वन जीव बोर्ड की सदस्य सिमरन कौर ने जायजा लिया।

प्रदेश सरकार में वन जीव बोर्ड की सदस्य सिमरन कौर पूर्व गृहमंत्री स्वर्गीय बाबू संपत राम की पुत्रवधू है। बाबू संपत राम किशनगढ बास क्षेत्र से चुनाव लड़कर विधानसभा पहुंचे और सरकार में गृह मंत्री बने हैं। सिमरन कौर किशनगढ बास विधानसभा सीट से कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है और टिकट की दावेदारी कर गांव गांव प्रचार प्रसार कर जनसंपर्क में जुटी है।

## क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम बुचारा स्थित चांदोडिया की ढाणी में रविवार को प्रतिवर्ष की भांति 06 वीं श्री भोमियां जी क्रिकेट प्रतियोगिता का वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश गोयल ने बतौर मुख्य अतिथि फिता काटकर उद्घाटन किया।

गोयल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से निकलने वाली प्रतिभायें हमेशा देश का नाम रोशन करती है। उन्होंने कहा कि केन्द्र में पीएम मोदी की सरकार आने के बाद खेल जगत में प्रतिभाओं को बेहद ज्यादा प्रोत्साहन मिला है। अध्यक्षता करते हुए पूर्व जिला पार्षद धूड सिंह शेखावत ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से समाज में भाईचारा बढ़ता है। आयोजक लोकेश व राहुल मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि उद्घाटन मैच में जुगलपुरा की टीम ने टोरडा गुजरान को पराजित किया। प्रतियोगिता में दो दर्जन टीमें भाग ले रही है। जिसमें विजेता टीम को 21 हजार व उपविजेता टीम को 11 हजार रूपयों का पुरूस्कार दिया जायेगा। विशिष्ठ अतिथि के रूप में भगवती प्रसाद मीणा, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थ टोरडा, सुखवीर सिंह, अमरसिंह मीणा, रविन्द्र मीणा, रामस्वरूप, जयराम सरपंच, विकास योगी, रामौतार कादिया, विशम्भर, मनीष मीणा व ओमप्रकाश ने विचार व्यक्त किये। सभी अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। संचालन संतोष मीणा ने किया।

## जयपुर कमिश्नरेट की सी.एस.टी. टीम पर फायरिंग

**जयपुर, (निसं)।** अपराधियों की धरपकड़ के लिए दौसा गई जयपुर कमिश्नरेट की सी.एस.टी. टीम पर जयपुर लौटते समय एक अपराधी ने देसी कट्टे से फायरिंग कर दी। गोली पुलिसकर्मी को घायल करते हुए निकल गई। इस बीच घायल पुलिसकर्मी ने पीछा करके दूसरे फायर की तैयारी कर रहे आरोपी को धरदबोचा।

जानकारी के अनुसार सीएसटी टीम में शामिल एएसआई उम्मेदसिंह व हैड कांस्टेबल नेमीचंद दौसा से जयपुर आ रहे थे। रास्ते में आगरा हाईवे पर बस्सी थानांतर्गत बैनाड़ा मोड़ पर पुलिसकर्मी नेमीचंद को आरोपी सुनील उर्फ सुल्तान उर्फ बंटी खड़ा हुआ नजर आया। सुल्तान जवाहरनगर थाने में किसी मामले में फरार चल रहा था। पुलिसवालों ने जैसे ही बैनाड़ा मोड पर अपनी गाड़ी रोकी। टीम को देखते ही आरोपी सुनील ने देसी कट्टे से नेमीचंद पर फायर कर दिया। गोली पुलिसकर्मी नेमीचंद को छूते हुए निकल गई। जिससे उसकी बाजू ओर छाती घायल हो गई। वहीं फायर करने के बाद आरोपी रोड क्रोस करके दूसरी तरफ भाग छूटा। इसी बीच वो दूसरा करने की तैयारी ही कर रहा था कि नेमीचंद भी रोड क्रोस करके दूसरी तरफ पहुंच गया। और आरोपी को पकड़ लिया।

उधर डीजीपी उमेश मिश्रा ने हेड कांस्टेबल नेमीचंद और एएसआई उमेद सिंह की बहादुरी की सराहना की है। उन्होंने हेड कांस्टेबल नेमीचंद को गैलेंट्री अवार्ड देने का फैसला किया है साथ ही उसके साथ मौजूद एएसआई उमेद सिंह को डीजीपी डिस्क और दस हजार का पुरस्कार देने की घोषणा की।

# गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने जनसुनवाई की

**कोटपूतली, (निसं)।** क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने रविवार को राजमार्ग पर ग्राम खेडकी वीरभान स्थित कांग्रेस कार्यालय पर नियमित जनसुनवाई करते हुए क्षेत्रवासियों के अभाव-अभियोग सुनते हुए उनका तत्काल निराकरण किया।

इस दौरान यादव से बड़ी संख्या में सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधि, वार्ड पार्षदों व अभिभावकों ने मुलाकात करते हुए राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विधालय को महात्मा गाँधी योजना के तहत अंग्रेजी माध्यम में रूपान्तरित होने के बाद हिन्दी माध्यम के विधार्थियों की समस्याओं से अवगत करवाया। बड़ी संख्या में अभिभावकों व आमजन ने यादव को अवगत करवाया कि उक्त विधालय को अंग्रेजी माध्यम में रूपान्तरित कर देने के बाद कक्षा 9, 10, 11 व 12 के हिन्दी माध्यम विधार्थियों के समक्ष बड़ा संकट खड़ा हो गया है। गरीब तबके के विधार्थी मजबुरन निजी विधालयों में ऊंची फिस पर अध्ययन के लिए मजबुर है। विधालय में विगत वर्ष कक्षा 9 व 10 के हिन्दी माध्यम प्रवेश बंद कर दिये गये थे एवं इस वर्ष 11 वीं कक्षा में प्रवेश नहीं लिये जा रहे है। विभिन्न सामाजिक संगठनों व पार्षदों द्वारा दो दर्जन से अधिक ज्ञापन मंत्री को प्रस्तुत कर अवगत करवाया कि पूर्व में इस विधालय में 4 से 5 हजार विधार्थी अध्ययनरत रह चुके है। साथ ही दो पारियों में विधालय का संचालन किया गया है। वर्तमान में भी प्रदेश के कई विधालयों में यही व्यवस्था की गई है। इस पर यादव ने विस्तार से समस्या सुनते हुए जल्द से जल्द हिन्दी माध्यम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू करवाकर कक्षायें चलवाने व दो पारियों में विधालय का संचालन करवाये जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी, मण्डी अध्यक्ष रमेश सैनी, पार्षद प्रमोद गुरूजी, बिड़दी चंद हवलदार, रमन सैनी, दयाराम प्रजापत, छोटु मिस्त्री, सतीश निमोरिया, रोहिताश सैनी, महेश सैनी, विक्रम सैनी, कमलेश प्रजापत, कृष्ण कारोडिया, राकेश सैनी, एड. शिम्भुदयाल सैनी, प्रदीप सैनी, लालचंद सैनी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कालख बांध बचाओ संघर्ष समिति की बैठक

**बोराज, (निसं)।** कस्बे के राजीव गांधी सेवा केंद्र पर रविवार को कालख बांध में जलापूर्ति को लेकर पूर्व दूदू विधायक एवं कालख एवं छापरवाडा बांध जलापूर्ति संघर्ष समिति अध्यक्ष बाबूलाल बछेर के मुख्य आतिथ्य में बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सरपंच सुरेंद्र सिंह मीणा ने की।

■ 19 जुलाई को राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने का निर्णय लिया

बैठक में बोराज, सुरपुरा, गुढ़ाबैरसल, आसलपुर, बोबास व चंद्रभानपुरा गांवों के किसानों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया व एक स्वर में कालख बांध में पानी लाने हेतु संघर्ष करने का आव्हान किया । बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बछेर ने कहा कालख बांध सन 1981 के बाद अब तक नहीं भरा जिससे भूमि का जलस्तर काफी नीचे चला गया। जयपुर जिले की पांच तहसीलों के लगभग 59 गांवों के किसानों की पैदावार आधी रह गई । समिति सन 1994 से ही कालख बांध के कैचमेंट क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने व बांध में पानी लाने के लिए राज्य सरकार से निरन्तर मांग करती आ रही है। सरपंच सुरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि, बैठक में कालख बांध में जो जयपुर सीवरेज का पानी डाला जा रहा है उस पर कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जाहिर की है उसे रोकने व नदी क्षेत्र में बबूल के पेड़ साफ करवाने की मांग करने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं में पूर्व सरपंच प्रेमचंद टेलर , संघर्ष समिति के महामंत्री शायर मल मीणा ने भी संबोधित करते हुए कालख बांध के भरने से क्षेत्र में खुशहाली आने की बात कही ।इस दौरान बैठक में सभी ने सर्व सहमति से 19 जुलाई को जयपुर पहुंच विधानसभा में राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने का निर्णय किया गया । इस अवसर पर उप सरपंच राजेश कुमावत ,शंकर सिंह शेखावत , श्याम गिरी गोस्वामी , बनवारी कुमावत , बंसीलाल बछेर , नाथूलाल शर्मा ,सुरेश मीणा , भेरूलाल चौधरी ,लाल चंद कुमावत सहित अनेक लोग उपस्थित रहे ।

## खड़ी कावड सेवा की

**बहरोड़/ नीमराना, (निसं)।** नेशनल हाईवे नंबर 48 के औद्योगिक क्षेत्र बहरोड़ में भारत विकास परिषद राठ शाखा बहरोड़ के तत्वावधान में 9 जुलाई से 14 जुलाई तक लगाए गए शिविर में भगवान शंकर के आशीर्वाद से खड़ी कांवड लेकर पहुंचे श्रद्धालु की सेवार्थ परिषद सदस्यों सहित मुकेश मोदी बहरोड़ के द्वारा खड़ी कांवड़ सेवा की गई। परिषद के संपर्क, सेवा, सहयोग, संस्कार एवं समर्पण आदि 5 मूल सिद्धांतों के आधार पर पिछले कुछ वर्षों से भगवान भोलेनाथ की सेवा में परिषद द्वारा लगाए जा रहे शिविर के तहत इस बार भी नेशनल हाईवे नंबर 48 के औद्योगिक क्षेत्र में कांवड़ सेवा शिविर लगाया गया। जिसमें खड़ी कावड़ लेकर पहुंचे श्रद्धालु की सेवा भावना में परिषद सदस्यों के मुकेश मोदी द्वारा खड़ी कांवड़ लेकर सेवा करते भारतीय संस्कृति की श्रद्धा में खुशी महसूस की गई।

# प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई अजीतगढ़ द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें नगर के सभी स्कूलों से 202 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

संयोजक भवानी सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पंचायत समिति अजीतगढ के प्रधान शंकर लाल यादव ने छात्र-छात्राओं को कहा की निरंतर ऐसे ही प्रयास करते रहना चाहिए , विशिष्ट अतिथि के रूप में एबीवीपी जयपुर प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री उपमन्यु सिंह राणा ने बताया कि विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, एबीवीपी आज विद्यार्थी परिषद 75 वर्ष पूर्ण कर चली और छात्र छात्राओं को कहा कि भारत की संस्कृति 200 वर्ष पूर्व भी ऐसे ही थी जब अक्रांताओं का राज रहा और आज भी ऐसी ही है यह भारत की संस्कृति कभी नहीं बदल सकती क्योंकि संस्कृति का मार्गदर्शन करने वाले लोग अपन हैं।

इस देश का युवा है,इसलिए आपको पढ़ाई के साथ-साथ अपनी संस्कृति अपने इतिहास के बारे में भी जानना चाहिए, शिक्षाविद मान सिंह शेखावत ने कहा की छात्र-छात्राएं जब दिन रात मेहनत कर अच्छे अंक हासिल करते है तो उनके परिजनों को भी खुशी होती है और वह उस गांव, ढाणी, देश का नाम रोशन करते हैं और ऐसे कई संगठन उनको सम्मानित करते हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अजीतगढ के नगर मंत्री रवि शर्मा ने अन्त में इस कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथि गण एवं सभी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## चिकित्सा शिविर के पोस्टर का विमोचन

**सांभरझील, (निसं)।** महात्मा गांधी अस्पताल एवं बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 15 जुलाई को आयोजित होने वाले निशुल्क चिकित्सा शिविर के पोस्टर का एडीजे क्रम संख्या 1 बृजेश कुमार शर्मा, एडीजे क्रम संख्या 2 नीरज भामू , सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. रिचा कौशिक, सिविल न्यायाधीश राहुल शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में उच्च रक्तचाप. निम्न रक्तचाप, मधुमेह सहित अनेक बीमारियों का निशुल्क उपचार व उनकी रोकथाम के उपाय भी बताए जाएंगे। शिविर में ईसीजी की भी सुविधा उपलब्ध होगी। जरूरतमंद को अस्पताल प्रशासन की ओर से मौके पर ही निशुल्क दवा का वितरण भी किया जाएगा। शिविर में कान, नाक, गला, नेत्र,स्त्री रोग के अलावा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धित से जुड़े डॉक्टरों की टीम भी अपनी सेवाएं देगी। पोस्टर विमोचन के दौरान बार एसोसोसिएशन अध्यक्ष हेमराज कुमावत, सचिव निशांत शर्मा उपाध्यक्ष राहुल वीर गुर्जर,संयुक्त सचिव अहसान उल हक, कोषाध्यक्ष मोहनलाल वर्मा, पुस्तकालय सचिव तेजपाल कुमार प्रजापत, सांस्कृतिक सचिव दिलीप प्रजापत, पूर्व अध्यक्ष गिरीश चंद्र नागु, शेख शमीम उल हक, लालचंद कुमावत, ललित शर्मा, प्रेमचंद बहडा, सुरेश परिहार, योगेश शुक्ला, प्रकाश माचीवाल सहित अनेक की मौजूदगी रही।

# विधानसभा चुनाव को लेकर एकजुट रहने का आव्हान

**लालसोट, (निसं)।** चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा की मौजूदगी में उपखंड मुख्यालय के संस्कृत कॉलेज परिसर में आयोजित हुई विभिन्न ब्लॉक एवं मंडल कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक में चुनावी तैयारियों की रणभेरी बजाई गई है।

विधानसभा क्षेत्र लालसोट के सभी ब्लॉक एवं मंडल कार्यकारिणी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने स्पष्ट तौर पर कहा कि अब कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता चुनावी तैयारियों को लेकर खुद को पूरी तरह तैयार कर लें।

■ चिकित्सा मंत्री के आव्हान पर कांग्रेस जनों की बैठक में बजी चुनावी तैयारियों की रणभेरी



लालसोट उपखंड मुख्यालय पर ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने संबोधित किया।

चिकित्सा मंत्री मीणा ने बैठक के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार एवं प्रदेश के भाजपा संगठन पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा का काम केवल झूठ तक सीमित रह गया है। भाजपा भाई को भाई से धर्म को धर्म से लड़ा कर सत्ता में वापसी चाहती है। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि कांग्रेस की गहलोत सरकार को गिराने के लिए भाजपा के लोगों द्वारा जमकर हर तरह का प्रयास किया गया लेकिन कांग्रेस पार्टी के चुने हुए जनप्रतिनिधि मंत्री विधायक एवं कांग्रेश का संगठन मजबूत होने के कारण प्रदेश में कांग्रेस की सरकार गिरने से बच गई। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि राजस्थान प्रदेश सरकारी योजनाओं का लाभ देने में एक मॉडल के तौर पर उभर कर आया है एवं अन्य राज्य भी राजस्थान प्रदेश की योजनाओं को तुलनात्मक दृष्टि से देखते हुए उत्तर प्रदेश में लागू करने के लिए अध्ययन भी कर रहे हैं। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार द्वारा प्रशासन एवं काले कानून लाकर यह साबित किया है कि भाजपा शासन केवल जन विरोधी विरोधी नीतियों के लिए ही है। चिकित्सा मंत्री मीणा ने मौजूद कांग्रेस जनों से कहा कि वे गांव ढाणियों में कांग्रेस की रीति नीति एवं किए गए विकास की जानकारी आम लोगों को दें एवं लक्ष्य निर्धारित करें ताकि कांग्रेस की सरकार दोबारा से प्रदेश में रिपीट हो सके।

## कार्यकारिणी शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**अलवर, (निसं)।** विजयवर्गीय वैश्य मंडल अलवर एवं विजयवर्गीय वैश्य महासभा अलवर प्रदेश की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन विजयवर्गीय स्कूल स्कीम नंबर 10 में विजयवर्गीय समाज के मंडल अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष द्वारा संपन्न करवाया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि शहर विधायक संजय शर्मा उपस्थित रहे उनके द्वारा कार्यकारिणी में मनोनीत सभी सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाई गयी। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा सरस्वती वंदना गणेश वंदना एवं अन्य भव्य प्रस्तुतियां दी गई ।

मंडल अध्यक्ष गोपाल विजयवर्गीय द्वारा अपनी कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद हेतु राकेश विजय मनोज विजय राजेश विजय विश्वेश्वर विजय मंत्री पद हेतु केजी विजय सहायक मंत्री पद हेतु भुवनेश विजयए कोषाअध्यक्ष पद हेतु बृजेश विजय महिला उपाध्यक्ष पद के लिए बिना विजय महिला संयोजिका के लिए पूजा विजय बबीता विजय सपना विजय संगठन मंत्री के लिए अनिल विजय युवा संयोजक पद हेतु विशाल विजय अंशुल विजय को शपथ दिलवाई गई।

साथ में चिकित्सा समिति परामर्श समिति सांस्कृतिक समिति परामर्श समिति एवं संरक्षक मंडल का भी गठन किया गया।

## सार-समाचार

### श्रीराम कथा कलश यात्रा के साथ शुरू



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** ग्राम मऊ के रिद्धि सिद्धि गार्डन में आयोजित श्रीराम कथा में प्रात: श्री गोपीनाथजी मंदिर से बैंड बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकालकर संगीतमय श्रीराम कथा का शुभारंभ किया गया। राकेश चुलेट ने बताया कि यह कार्यक्रम संयोजक नरपत सिंह, अमर सिंह एवं पप्पू सिंह ठेकेदार के अनुसार श्रीराम कथा का यह कार्यक्रम आगामी 16 जुलाई रविवार तक चलेगा। पप्पू ठेकेदार ने बताया गया है कि कार्यक्रम में राम कुटीर वृंदावन के संत श्री प्रहलाद जी महाराज द्वारा प्रतिदिन दोपहर 1:15 से सायंकाल 5:30 बजे तक श्रीराम कथा का वाचन किया जाएगा। वही प्रात: 5 बजे प्रार्थना, प्रवचन एवम प्रभात फेरी तथा सायंकाल 5:30 बजे से बच्चों का गीता अभ्यास का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजकों की ओर से बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन और आवास की व्यवस्था की गई है।आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया गया है कि कार्यक्रम में पधार कर पुण्य लाभ अवश्य प्राप्त करें।

### शिविर में 72 रोगी लाभान्वित

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज़ द्वारा 9 जुलाई रविवार को आयोजित "निशुल्क पाक्षिक होम्योपैथिक चिकित्सा परामर्श शिविर " का 409 वां शिविर स्वर्गीय चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में लगाया गया, जिसमें 72 मरीजों ने लाभ उठाया। क्लब के गिरिराज कयाल के मुताबिक क्लब की ओर से अब तक आयोजित 408 पाक्षिक शिविरों में 45 हजार से भी ज्यादा मरीजों ने लाभ उठाया है। क्लब की ओर से इस तरह के शिविर माह के हर दुसरे रविवार को रोटरी भवन में आयोजित किये जाते है। इनमे डॉ. एस. एल. चौधरी द्वारा चर्म रोग, पेट रोग, दमा-श्वास, सोरौसिस, साइटिका, नजला, जुखाम, एलर्जी, माइग्रेन, फंगल इनफेंक्शन एवं अन्य कई रोगों से ग्रसित मरीजो को निशुल्क परामर्श दिया, तथा क्लब कि ओर से 14 दिनों की दवाइयां निशुल्क दी गई। शिविर में डॉ. एस. एल. चौधरी के साथ क्लब के चार्टर प्रेसिडेंट रोटेरियन राजेंद्र प्रसाद कसेरा, विजय कुमार कसेरा, दिलीप सिंह शेखावत, संजय कयाल एवं क्लब के कई सदस्य अपनी सेवाए दी।

### शक्ति पीठ पर संगोष्ठी आयोजित



**राजगढ़, (निसं)।** गायत्री परिवार की ओर से गायत्री शक्तिपीठ पर रविवार को प्रचार प्रसार को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र शर्मा अध्यक्ष पेंशनर समाज राजगढ एवं संरक्षक राधेश्याम गुप्ता ने अध्यक्षता की । संगोष्ठी में गायत्री परिवार से जुड़े पदाधिकारियों एवं सेवाभावी महिला पुरुषों ने गायत्री महायज्ञ सहित संचालित योजनाओं के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि नरेंद्र शर्मा, संरक्षक राधेश्याम गुप्ता एवं मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी मीना खंडेलवाल ने दीप प्रज्वलन के साथ अतिथियों को साहित्य भेंट किया। संगोष्ठी में प्रीति विजय ने मुख्य समन्वय समिति के उद्देश्य एवं संगठन की रीति नीति पर विस्तार से जानकारी दी। सभी समन्वयक सदस्यों से स्वयं की जानकारी एवं दायित्व का प्रपत्र भरवाए गए। राजगढ क्षेत्र को 6 खंडों में बांटा गया जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी सभी को जिम्मेदारियां बांटी गई। गायत्री यज्ञ एवं उद्देश्यों को घर-घर तक पहुंचाने का अतिथि नरेंद्र शर्मा ने अखंड दीपक की मौजूदगी में सभी ने संकल्प जताया। इस अवसर पर रमेश राजोरिया, घनश्याम सैनी, आत्म प्रधान, दिनेश चौबे, हनुमान टाक, विशाल विजय, मीना खंडेलवाल, प्रीति विजय, सीमा विजय, प्रेम ममोडिया, बीना गुप्ता, सुशीला देवी, किरण शर्मा, लोकेश रावत एवं गायत्री परिवार से जुड़े महिला पुरुष मौजूद रहे।

### नवीन सुकार अध्यक्ष बने

**लालसोट, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय पर परशुराम भगवान मंदिर में राष्ट्रीय परशुराम सेना लालसोट नगर कार्यकारिणी के गठन हेतु मीटिंग का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय परशुराम सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा बिचपुरी ने की तथा लालसोट नगर प्रभारी अश्वनी शर्मा द्वारा राष्ट्रीय परशुराम सेना लालसोट नगर अध्यक्ष पद के लिए नवीन कुमार शर्मा सुकार का प्रस्ताव रखा जिसे सभी ने सर्वसम्मति प्रदान की गई तथा राष्ट्रीय परशुराम सेना लालसोट नगर अध्यक्ष की पद पर नवीन कुमार शर्मा सुकार को नियुक्त किया गया। तथा शुभम पुरोहित व मयंक शर्मा को उपाध्यक्ष मोनू पुरोहित डॉ. अमन शर्मा डिडवाना विनु शर्मा पुष्पेंद्र शर्मा लिवली को मंत्री नियुक्त किया गया। लालसोट नगर अध्यक्ष नवीन शर्मा सुकार ने कहा कि मैं पूर्ण निष्ठा और लगन से नि:स्वार्थ भाव रखते हुए संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु प्रयास करूंगा। मीटिंग में राजकुमार हट्टीका तहसील अध्यक्ष भगवान सहाय शर्मा बगड़ी अनुराग ककराला सतीश शर्मा सुनील शर्मा अवधेश शर्मा रवि शर्मा दीपक शर्मा जय प्रकाश शर्मा रामविलास शर्मा लोकेश शर्मा सागर शर्मा अमन शर्मा पुनीत बोहरा, दीपक बोहरा आदि उपस्थित रहे।



### पहाड़िया ने कार्यभार संभाला

**रामगढ़ पचवारा, (निसं)।** उपखंड मुख्यालय स्थित नवसृजित राजकीय कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य पद पर क्षेत्र के प्रमुख पर्यावरणविद प्राणी विज्ञानी डॉक्टर सुभाष पहाड़िया द्वारा विधिवत कार्यभार ग्रहण किया गया। जब से राजकीय कन्या महाविद्यालय रामगढ पचवारा उपखंड मुख्यालय पर स्वरचित हुआ था तभी से प्राचार्य पद कार्यवाहक तौर पर संपादित किया जा रहा था। इसके कारण राजकीय कन्या महाविद्यालय में आवश्यक कार्य संपादित होने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था एवं अध्ययनरत कालेजी छात्र छात्राओं को भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। राजकीय कन्या महाविद्यालय रामगढ पचवारा में डॉ सुभाष पहाड़िया ने प्राचार्य पद पर कार्य ग्रहण किया।

### सुरेश पायोनियर अध्यक्ष बने

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के बानसूर रोड़ स्थित श्री जयसिंह गौशाला कार्यकारिणी के चुनाव रविवार को चुनाव अधिकारी सुरेश मोठुका की देखरेख में सम्पन्न हुये। कार्यकारिणी में मौजीराम गुर्जर को संरक्षक, सुरेश पायोनियर को अध्यक्ष, रोहिताश सैनी व महेन्द्र सैमाला को उपाध्यक्ष, नन्दलाल जोशी को महामंत्री, दिनेश राठौड़ को मंत्री, सुरेन्द्र बालास्या को कोषाध्यक्ष व कुलदीप जोशी को कोष परीक्षक चुना गया। जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में कुलदीप बंसल, मनोज गौड़, विक्रम शर्मा, रामचन्द्र सैनी, कमल किशोर गुप्ता, घनश्याम अथोनिया, नरेश अग्रवाल, लालाराम कांवर, जुगल किशोर शर्मा, नरेश शर्मा, मुकेश सराधना, राजू पायला, हंसराज योगी आदि को चुना गया है। इस दौरान सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

### महाराणा प्रताप की जीवनी के प्रपत्र वितरित किए

**अलवर, (निसं)।** रामगढ विधान सभा क्षेत्र में लोगों को हिन्दुत्व की रक्षा के लिए एवं सनातन में जगाने के लिए निर्मल सुरा ने अनेकों क्षेत्रों में दौरा कर महाराणा प्रताप की जीवनी के प्रपत्र भेंट किए। भगवा अभियान के दौरान श्री राम कथा तिजारा से प्रारंभ होकर वाया फिरोजपुर, नौगांव, शेरपुर लाल दास जी महाराज मंदिर, चोमा, तिलवाड, इंदपुर, सेहजपुर, नसवारी, खेडा महमूद, शाहपुर, गन्दीगा, गोविंदगढ, न्याना, सेदनपुर, धडोली आदि गावों मे महाराणा प्रताप चेतना यात्रा आगाज हुआ, सभी गावों मे महाराणा की जीवनी के पत्रक बांटे।

## संक्षिप्त

### कुरैशी समाज की कमेटी गठित

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा के कुरेशयान के जमातखाना में रात्रि 9:30 बजे जमीयतुल कुरैशी की बिरादराने अहले कुरैशी की एक साधारण मीटिंग का आयोजन सदर चिरागुद्दीन कुरैशी की सदारत में किया गया। समाज के अब्दुल लतीफ कुरेशी ने बताया कि उक्त मीटिंग एजेंडा के अनुसार शुरू की गई। साथ ही सर्वसम्मति से तीन वर्षीय जमीयतुल कुरैशी फुलेरा की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें सदर के पद पर जमालुद्दीन कुरैशी, नायब सदर मोहम्मद .उमर कुरैशी, जनरल सेक्रेटरी के पद पर अब्दुल लतीफ कुरैशी, ज्वाइंट सेक्रेटरी गुलाम नबी कुरैशी, केशियर के पद पर इकरामुद्दीन कुरैशी, संयोजक के पद पर चिरागुद्दीन कुरैशी एवं सदस्य के रूप में शहजाद कुरैशी, इस्लामुद्दीन, आरिफ कुरैशी, नुरदिन कुरैशी, सराजूद्दीन कुरैशी को चुना गया।

### हनुमान चालीसा का पाठ किया

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के श्रीरामनगर स्थित हरसिद्धि हनुमान मन्दिर सियाराम बाबा की बगीची परिसर में महन्त त्रिलोकी दास महाराज के सानिध्य एवं दुर्गा वाहिनी प्रखण्ड संयोजिका नेहा कुमावत तथा श्रीराम सेवादल से विवेक धवन के नेतृत्व में बच्चों ने 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। रूपेश मोर्य ने बताया कि महाआरती कर हनुमान जी महाराज के प्रसाद का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया।

### कावड यात्रियों स्वागत किया

**मालपुरा, (निसं)।** श्रावण के पवित्र माह में भगवान शिव के जलाभिषेक का विशेष महत्व होने के चलते चांदसेन से बीसलपुर पहुंचे कावड यात्रियों द्वारा कावड लेकर आ रहे दल को टोडारायसिंह में विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने जोरदार स्वागत किया। बिसलपुर से पवित्र जल लेकर जय भोले के जयकारे लगाते आ रहे कावडियो का कस्बे में जगह-जगह जोरदार स्वागत किया।

### सौर ऊर्जा की प्लेटें चोरी

**दूदू, (निसं)।** कस्बे से मोजमाबाद रोड पर स्थित कुमावत फार्महाउस पर अज्ञात चोरों के गिरोह द्वारा करीब 3 लाख रुपये की लागत से लगाई गई सौर ऊर्जा प्लेटें चोरी कर ले जाने की रिर्पोट दूदू थाने में दर्ज करवाई गई। किसान केलाश कुमावत ने रिर्पोट में अवगत कराया कि सुबह खेत पर गया वहां प्लेटें नहीं मिली, पुलिस ने मामला दर्ज कर खोज बीन शुरु कर दी है।

# आधे घंटे की झमाझम बारिश ने पालिका के आपदा प्रबंधन की पोल खोली



देवली में आधे घंटे की बारिश से शहर के गली-मोहल्लों में पानी भर गया।

■ गंदे पानी की निकासी के नालों से बारिश का पानी शहर के गली मोहल्लों और बाजारों में भर गया

**देवली, (निसं)।** शहर में रविवार की दोपहर हुई आधे घंटे की झमाझम बारिश ने बाढ़ के हालात पैदा कर दिए। आधे घंटे की झमाझम बारिश ने पालिका के आपदा प्रबंधन की पोल खोल कर रख दी।

इसलिए कि गंदे पानी की निकासी के नालों से बारिश का पानी शहर के गली मोहल्ले और बाजारों में भर गया। आधे घंटे की झमाझम बारिश ने आपदा प्रबंधन नाम लाखों रुपया खर्च करने के दावे की भी पोल खोल कर रख दी है। शहर के नालों पर बहुमंजिला इमारतें खड़ी हुई हैं। ऐसी जटिल परिस्थितियों का मुख्य कारण भी अधिकारियों की मौजूदगी में हुए अतिक्रमण ने नालों की सफाई कार्य को पूरी तरह बाधित किया हुआ है। यहां शहर के प्रत्येक नालों पर पालिका की अनदेखी के कारण बहुमंजिला इमारतें अतिक्रमण करके खड़ी हुई हैं। जिसके विरुद्ध पालिका के जिम्मेदार अधिकारियों ने रत्ती भर भी कोई कार्रवाई नहीं की है। पालिका प्रशासन की इस गैर जिम्मेदार ना भूमिका के कारण शहर के कई इलाकों में मामूली बारिश का पानी बाढ़ का रूप लेकर इकट्ठा हो जाता है। जिससे शहर के उन नागरिकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। यह देखने वाली बात तो यह है कि पालिका द्वारा गंदे पानी के नालों की सफाई अभियान तो चलाया हुआ है। लेकिन नालों पर हो चुके अतिक्रमण की वजह से नालों की सफाई का कार्य 80 प्रतिशत तक बाधित हुआ पड़ा है। सफाई कर्मी और नाला सफाई ठेकेदार द्वारा नालों की सफाई तो उस जगह की जा रही है, जहां नाला खुला हुआ है। परंतु शहर के शेष नाले अतिक्रमण की चपेट में बने होने के कारण नालों की सफाई किया जाना कठिन ही नहीं नामुमकिन साबित हो रहा है। अगर नालों पर हुए अतिक्रमण के नीचे सफाई कर्मियों द्वारा सफाई की भी जाती है तो उन कर्मियों की जान जोखिम में बनी हुई रहती है। जब शहर में बाढ़ जैसे हालातों की सूचना और इन गंभीर हालातों जानकारी पालिका प्रशासन के अधिशासी अधिकारी को दी गई तो उन्होंने साफ तौर पर इंकार कर दिया कि शहर में बारिश का पानी कहीं भी इकट्ठा नहीं होता है। ऐसे में उक्त लापरवाह अधिकारी को वार्ड नंबर 1 से लेकर वार्ड नंबर 7 तक गंदे नालों में से बाहर निकला ओवरफ्लो पानी घरों और दुकानों गुस्सा हुआ क्यों नहीं दिखाई दे रहा है। यहां अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए यह तो कह दिया कि शहर के नालों पर तो लोगों ने अतिक्रमण करके घर बना लिए हैं। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जिस समय गंदे पानी की निकासी वाले नालों पर लोग अतिक्रमण करके अपना घर और दुकान बना रहे थे। तो उस दौरान नालों पर हो रहे अतिक्रमण के विरुद्ध पालिका के अधिकारियों द्वारा कार्रवाई किए जाने की जिम्मेदारी क्यों नहीं निभाई गई और अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला किस वजह को लेकर झाड़ दिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मामला यह भी सामने है कि नालों की सफाई किए जाने के लिए प्रति वर्ष पालिका कोष से लाखों करोड़ों रुपया खर्च किए जाते है। तो फिर नालों की सफाई के नाम खर्च लाखों करोड़ों रुपया किस की पूर्ति कर रहा है। इसलिए कि नालों की सफाई तो अतिक्रमण की भेंट चढ़ा हुआ है। वही नालों की सफाई कागजों में महज खानापूर्ति बना हुआ है।

सुरेश कुमार मीणा, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका देवली का कहना है कि अगर पानी भर गया है तो 10 मिनट में निकल गया होगा। शहर में कहीं पर भी डेढ़ से दो फीट तक पानी नहीं भरा है। शहर में पानी भरा है तो क्या कर सकते हैं। लोगों ने नालों पर मकान बना दिए हैं।अब नालों पर जिन्होंने मकान बना लिए वह थोड़ी ना टूटेंगे। बारिश होती तो होने दो 10 से 15 मिनट में बारिश का पानी निकल जाएगा मैंने देख लिया है।

## विधायक ने तीन सड़कों का शिलान्यास किया

■ 32 करोड़ 10 लाख की लागत से बनेंगीं सड़कें

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बजरंगपुरा, ठिकरिया, सितोपसिंहपुरा में रविवार को विधायक इंद्राज गुर्जर ने फीता काट कर 32 करोड़ 10 लाख की लागत से बनने वाली तीन सड़कों का शिलान्यास किया।

इससे पहले विधायक इंद्राज गुर्जर को जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा जुलूस के रूप में कार्यक्रम स्थल तक लेकर आये व उनके द्वारा माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। शिलान्यास करते हुए विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि, क्षेत्र के विकास के साथ लोगों की सेवा करना ही मेरी पहली प्राथमिकता है। विधानसभा क्षेत्र के सभी जर्जर एवं कच्ची सड़कों का कायाकल्प किया जाएगा। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही हमारी एकमात्र लक्ष्य है। कोई भी गांव विकास की रोशनी से अछूता नहीं रहेगा। सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों के लोगों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खडे हर व्यक्ति का समुचित विकास कर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना मेरा लक्ष्य है। इसके लिए सभी गांवों में पक्की सडक, बिजली, पेयजल, नाली सहित सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाने में लगा हूं। बजरंगपुरा, ठिकरिया, सितोपसिंहपुरा में सडक निर्माण की मांग ग्रामीणों द्वारा वर्षो से किया जा रहा था। जिसे आज पूरा किया। इस मौके पर सरपंच रामनिवास मौर्य, सरपंच रामजीलाल यादव, सरपंच रामेश्वर यादव, सरपंच जयराम नागर, मंडल अध्यक्ष मालीराम कुमावत, सरपंच प्रतिनिधि सुखलाल वर्मा, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि लालचंद यादव, रामस्वरूप सैनी, जिला पार्षद हरफूल कसाना, अर्जुन कसाना, सरपंच प्रतिनिधि अमित गजराज, उपसरपंच रामेश्वर गुर्जर, सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मेहर सिंह धनखड, शांतनु यादव, हीरालाल यादव, राकेश, बनवारी, कृष्ण सहित बडी संया मे जनप्रतिनिधि, कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद रहे।

## विधायक ने पुलिया निर्माण का शिलान्यास किया

**दूदू, (निसं)।** निकटवर्ती भोजपुर गांव में रविवार को 50 लाख रुपये की सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत भोजपुर से चरासडा सड़क पर पुलिया निर्माण कार्य का शिलान्यास समारोह आयोजित किया गया।

शिलान्यास मुख्यमंत्री सलाहाकार व विधायक बाबूलाल नागर द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि जो जन प्रतिनिधी वोट लेकर आम गरीब की सुनवाई कर क्षेत्र का विकाश करता है वो ही सच्चा जन प्रतिनिधी होता है। अपने कार्यकाल में कराये गये विकाश कार्यों को गिनाते हुए आम जन के सामने सरपंचों को आडे-हाथों लिया। उन्होंने कहा कि मैं कार्य स्वींकृत कर देता हूं सरपंच नहीं करवाते।



भोजपुर गांव में पुलिया निर्माण कार्य का विधायक बाबूलाल नागर ने शिलान्यास किया।

इस अवसर पर सरंपच रूकमा देवी, वार्डपंच अनीता जांगिड़, सरपंच प्रतिनिधी मेवाराम छावडी, तहसीलदार कमलेश गौतम, विकाश अधिकारी राजेश्वरी यादव, सरपंच संघ दूदू प्रतिनिधी बी.सी भांखर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अरिफ शेख, सरपंच माधुराम मेघवंशी, गणेश डाबला, पूर्व सरपंच नन्दकिशोर शर्मा, थाना उपनिरीक्षक एएसआई सहित करीब 21 आएसी के जवानों का जाप्ता मौजूद रहा।

समारोह में चर्चा रही कि एक ही पुलिया निर्माणकार्य के सरपंचों को खुश करने के लिए दो शिलालेख लगाये गये। इस दौरान ग्रामीणों ने अवगत कराया कि भोजपुर से हरसोली सड़क पर जगह-जगह गहरे खर्डे हो जाने पर पानी भरा पडा है। आम राहगीरो को आवगमन ने परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## सार-समाचार

### कार्यकारिणी को शपथ दिलाई



**मालपुरा, (निसं)।** राटरी क्लब मालपुरा ग्रीन की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को महेश सेवा सदन में आयोजित किया गया। रोटरी जिला प्रान्त पाल निर्मल कुनावत व सहायक प्रांत पाल वाईपीसी के आतिथ्य में आयोजित समारोह में अध्यक्ष विमल अग्रवाल कठमाणा व सचिव गणेश शर्मा ने नवीन कार्यकारिणी के साथ पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिला प्रांत पाल ने रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन के मानव सेवा कार्यों के साथ-साथ समाज सेवा के कार्यों की प्रशंषा कर मालपुरा संगठन को बधाई दी। साथ ही देशभर में क्लब परिवार द्वारा किये जा रहे विशेष कार्यों से अवगत करवाते हुए सभी पदाधिकारियों से ज्यादा से ज्यादा पर्यावरण संगठन के साथ-साथ मानव सेवा के कार्यों करने के लिए प्रेरित किया।

### दुकान में चोरी पर ग्रामीणों में आक्रोश

**पावटा, (निसं)।** पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र के प्रागपुरा कस्बे में इन दिनों चोरों के हौंसले बुलंद हैं। चोरों ने 15 जून देर रात प्रागपुरा कस्बे में नारायणपुर रोड स्थित प्रागपुरा थाने से महज 500 मीटर दूर और मुख्य पुलिया के समीप राधेश्याम जांगिड़ की इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में हुई चोरी के मामले में ग्रामीणों ने आक्रोश जताकर पुलिस से चोरों को पकड़ने की मांग की है। ग्रामीणों ने चोरी किये सामान बरामद करने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रागपुरा निवासी पीडित राधेश्याम जांगिड़ की दुकान में पहले भी लाखों चोरी हो चुकी है, उनका भी खुलासा नहीं हो पाया है। दोनों चोरियों में पीड़ित का 9-10 लाख का नुकसान हुआ है। लेकिन आज तक प्रागपुरा थाना पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है। ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए प्रागपुरा थाना पुलिस से चोरों को पकड़ने की मांग की है। प्रागपुरा थाना प्रभारी सवाई सिंह ने बताया कि दी गई रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज करके जांच प्रारंभ कर दी गई थी। साथ ही चोरों को पकडने के प्रयास किए जा रहे है। इस मौके पर राधेश्याम जांगिड, पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल, शक्ति सिंह शेखावत, नैत राम सैनी, राजू सैनी, विक्रम सैनी, प्रीतम, संजू सैनी, विक्रम, बाबूलाल यादव, मुरारी लाल सैनी, श्योपाल सैनी, महमूद लूहार, नरेश सैनी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### ट्रेलर चालक से मारपीट, तीन गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** दूनी थाना क्षेत्र में राजमहल रोड पर सतवाड़ा के पास बजरी स्टॉक पर तीन जनों ने मिलकर बीती देर रात को एक ट्रेलर चालक के साथ लोहे की राड़ो आदि से मारपीट कर दी। इससे वह गंभीर घायल हो गया। बाद में पुलिस मौके पहुंची और उसे दूनी अस्पताल ले आई। जहां उसे डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद टोंक रेफर कर दिया। अभी उसका सआदत अस्पताल टोंक में उसका उपचार जारी है। उधर पुलिस ने देर रात को ही तीन हमलावारों को शांति भंग में गिरफ्तार कर लिया है। दूनी थाना प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि टोंक सदर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुरा निवासी चालक नरेश (25) पुत्र श्योनारायण जाट कल रात करीब 10 बजे राजमहल रोड से सटे सतवाड़ा के पास लगे बजरी के स्टॉक पर बजरी लेने गया था। जहां उसने बजरी खराब बताते हुए नरेश ने दूसरे के स्टॉक से बजरी भरने की बात कही। यह सुनते ही स्टॉक पर काम करने वाले मशीन संचालक खेमराज मीणा ने कहा कि यहां से जल्दी ट्रेलर को हटा ले। दूसरी गाड़ियों को बजरी भरने दे। इस दौरान आगे पीछे गाड़िया होने से उसका ट्रेलर वापस जल्दी से नहीं निकल पाया। इसको लेकर खेमराज व दो उसके साथियों की ट्रेलर चालक नरेश जाट से कहासुनी हो गई।

### अब्दुल सत्तार सदर बने

**फुलेरा, (निसं)** फुलेरा ताजिया कमेटी की आवश्यक बैठक मोहम्मद अय्यूब खान फुलेरा की अध्यक्षता में गुलाम सादिक मंसूरी के आवास पर आयोजित की गई। मोहम्मद तनवीर ने बताया कि बैठक के दौरान मुर्हरम पर ताजिया निकाले के सम्बन्ध में उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार प्रकट किये। साथ ही मुर्हरम पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई। बैठक के दौरान कमेटी के कैशियर अहसान मोहम्मद रंगरेज के द्वारा आय-व्यय का ब्यौरा पेश किया गया। उसके बाद वहीं सर्वसम्मति से नवीन ताजिया कमेटी बनाई गई। जिसमें सदर के पर अब्दुल सत्तार लौहार, नायब सदर के पद पर रहीस मंसूरी, सेकेट्री के पद पर मोहम्मद तनवीर चनाफरोश, नायब सेकेट्री के रूप में मोहम्मद हनीफ देशवाली, केशियर के रूप में अहसान मोहम्मद रंगरेज, नायब केशियर मोहम्मद फय्याज सैय्यद, संयोजक के पद पर मोहम्मद हुसैन मनियार, रज्जा मोहम्मद मंसूरी, उमरदराज मंसूरी, अब्दुल लतीफ कुरैशी, गुलाम सादिक मंसूरी व सदस्य मिनाज मोहम्मद, वकार भाई, सरफराज, रसूल लोहार, सोनू अब्बासी, रहीस शाह को शामिल किया गया।

### उप कारागृह परिसर में पौधारोपण किया

**कोटपूतली, (निसं)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार उपशाखा कोटपूतली की ओर से रविवार को गोपालपुरा रोड़ स्थित उप कारागृह परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर जेल परिसर में विभिन्न किस्म के 51 पौधे रोपे गये। मुख्य अतिथि कसाना ने कहा कि प्रकृति संरक्षण सम्पूर्ण मानव समाज की जिम्मेदारी है। जिसका हमें सदैव ध्यान रखना चाहिये। इस दौरान सभी ने इसी प्रकार वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व कोषाधिकारी रामकुमार शर्मा, महेश शर्मा, सुरेन्द्र मीणा, महाराम, अरविन्द जांगिड़, विनोद, कंवरसिंह जांगिड़, जेलर प्रेमप्रकाश मीणा, हवलदार हवासिंह, राजेश चौधरी, अरूण, गिरधारी लाल, उपेन्द्र, हनुमान व योगेश सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## चाकसू की सड़कों में बने जानलेवा गड्ढे

■ रोजाना गड्ढों में गिरकर घायल हो रहे राहगीर

**चाकसू, (निसं)।** चाकसू में ऐसी कोई सड़क नहीं है जिसमें गड्ढे न हों, कई मार्गों पर तो बरसात के बाद सड़कों में एक फीट तक गहरे गड्ढे हो गए हैं। कस्बे से ज्यादा खराब ग्रामीण अंचलों की सड़कों का है कॉलोनियों से लेकर ग्रामीण इलाकों की सड़कों का बुरा हाल है। सड़कों में जगह-जगह गड्ढे हैं कई इलाकों की सड़कें उखड़ गई हैं। रोजाना लोग गड्ढों में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

कस्बे के सबसे व्यस्ततम पुलिस थाने के आगे टोंक रोड पर गहरा गड्ढा बना हुआ है जो आए दिन हादसे का सबब बन रहा है। मुख्य सड़क के बीच में गहरा गड्ढा होने के कारण जाने अनजाने में या अचानक ब्रेक लगाने से वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

आसपास के दुकानदार एवं राहगीर रामस्वरूप मिस्त्री, गणेश सैनी, रामबाबू शर्मा, शंकर लाल सैनी, विनोद गौतम, मुंशी सैनी सहित अन्य लोगों ने बताया कि गड्ढे के कारण यहां हर समय पत्थर की गिट्टियां पड़ी रहती हैं वाहन गुजरने के दौरान यह पत्थर की चिट्टियां उछलकर सड़क किनारे मौजूद दुकानों में बैठे लोगों को आए दिन चोटिल कर रही हैं। यहां लोगों ने प्रशासन से सड़क के बीचों-बीच मौजूद गड्ढे को भरने की मांग की है। वहीं क्षेत्र के स्टेट हाईवे 2 फागी रोड के भी हाल बेहाल हैं चाकसू से फागी जाने वाली सड़क पर लगभग 1000 -500 मीटर पर केवल गड्ढे हैं और जहां गड्ढे नहीं है वहां सड़क पूरी तरीके से उखड़ चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि पीडब्ल्यूडी प्रशासन को हजारों बार अवगत कराने के बावजूद भी समस्या ज्यों की त्यों बनी है।

## ई-मित्र की दुकान में चोरी

**टोंक, (निसं)।** कोतवाली थाना इलाके के छुट्टन के चौराहे पर एक ई मित्र की दुकान को चोरों ने निशाना बनाया। टोंक कोतवाली थाना इलाके के छुट्टन के चौराहे पर स्थित लिव ए लोन ई मित्र की दुकान का देर रात चोरों ने शटर तोड़कर अंदर गल्ले में रखे 25000 हजार रूपए लेकर फरार हो गये। अल सुबह राहगीरों ने ई मित्र संचालक को सूचना दी। सूचना पाकर ई मित्र संचालक अपनी दुकान पहुंचा, शटर टूटे हुवे देखकर ई मित्र संचालक ने कोतवाली थाने ने रिपोर्ट दर्ज कराई। दुकान मालिक जुल्फेकार अंसारी रात 11 बजे दुकान बंद की थी रात्रि 3,26 मिनट पर ये घटना हुई मोके पर कोतवाली थाना पुलिस पहुंची कार्यवाही जारी है।

## ग्रामीणों ने विधायक का आभार जताया

**पावटा, (निसं)।** विधायक इंद्राज गुर्जर ने भूरी भडाज स्थित निवास स्थान पर जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना और सबन्धित अधिकारियों को लोगों की शिकायतों का प्राथमिकता से निपटान करने के निर्देश दिये।

विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि, अधिकारी लोगों की समस्याओं का तीव्रता से समाधान करें। जो भी शिकायत उनके संज्ञान में आती है वे उसका निपटान करें। वहीं जनसुनवाई के दौरान विकास कार्यो को लेकर विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों व समर्थकों की ओर से विधायक इंद्राज गुर्जर द्वारा क्षेत्र में किये गए विकास कार्यों और उनकी कार्यशैली से प्रभावित होकर विधायक इंद्राज गुर्जर का माला व साफा पहनाकर व मुंह मीठा करवाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विराटनगर प्रधान प्रतिनिधि कन्हैयालाल, विराटनगर ब्लॉक अध्यक्ष व पूरावाला सरपंच महेंद्र रातावाल, गैसकान सरपंच रोशन सैनी, आंतेला सरपंच जयराम नागर, आंतेला पूर्व सरपंच मालीराम कुमावत, पूर्व सरपंच राजनौता नरपत सिंह, कारोली सरपंच श्रवण, नवरंगपुरा सरपंच मिनाक्षी देवी, पाल डी सरपंच किशोर कुमावत आदि मौजूद रहे।

## पावटा कस्बे की सड़कें बदहाल, राहगीरों का चलना मुश्किल

**पावटा, (निसं)।** पावटा प्रागपुरा कस्बा सहित आस पास क्षेत्र के गांवों को एनएच से जोड़ने वाला सर्विस रोड मार्ग में कई सालों से जगह-जगह बडे-बडे गड्ढे बन जाने से तालाब का रूप ले चुके हैं।

सड़क बदहाल होने के चलते राहगीरों का जहां चलना मुश्किल है वहीं राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है परन्तु जिम्मेदार विभाग ध्यान नहीं दे रहा है। पावटा कस्बे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को जाने वाला मुख्य मार्ग, कूनेड व भोनावास सहित कई ढाणियों को पावटा कस्बे से जाड़ने वाला मुख्य मार्ग संबंधित विभाग की उदासीनता एवं लापरवाही के चलते गड्ढों में तब्दील होकर बदहाल हो गया है। सड़क की बदहाली का आलम यह है कि सड़क से गिट्टियां गायब हैं सडक पर सिर्फ छोटे छोटे पत्थर के टुकडे व गड्ढे हैं। जिसके चलते विद्यालय में जाने वाले छात्र छात्राओं एवं राहगीरों व स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि बारिश के मौसम में यह सड़क पूरी तरह जलमग्न हो गई और इस पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया। इस पथ से गुजरने वाली वाहनों को खतरों से खेलते हुए गुजरना पडता है। स्थानीय लोगों की मानें तो यह सडक पिछले कई सालों से इसी हालत में खराब पडी हुई है। भाजपा नेता जीएल यादव, महेंद्र बोहरा, जगदीश यादव सहित स्थानीय निवासी दीपक, संदीप, सुशील, पुनीत, कर्म चंद, जितेंद्र, रामचंद्र, अमित यादव, मुंशी राम यादव, परमानंद शर्मा, पुरुषोत्तम सैनी, रोहिताश सिंह, हरफूल यादव, रामनिवास यादव ने कहा कि इस सडक पर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है।




पावटा में कई सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई हैं।

## ए.बी.वी.पी. का 75 वां स्थापना दिवस कार्यक्रम

**कोटपूतली, (निसं)।** स्थानीय अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ईंकाई द्वारा परिषद का 75 वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर पूर्व संध्या पर शनिवार को संगोष्ठी व दीपदान किया गया। वहीं रविवार को कस्बे के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय के खेल मैदान पर दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में युवाओं व छात्रों ने भाग लिया। दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर योगेश जाट, द्वितीय स्थान पर कमल सैनी व तृतीय स्थान पर माईकल रहे। तीनों प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया गया। इस अवसर पर नगर मंत्री देवेंद्र आर्य ने विद्यार्थी परिषद के संघर्षपूर्ण कार्यों के बारे में बताया तथा विद्यार्थी परिषद के इतिहास एवं आगामी कार्यो के बारे में चर्चा की। इस दौरान विभाग संयोजक रवि कुमार, प्रांत संयोजक भीमसिंह पायला, जिला संयोजक अनमोल गोयल, मधुर गोयल, नगर मंत्री देवेंद्र आर्य, पूर्व नगर अध्यक्ष राजेश चौधरी, रितिक सोनी, हर्षित सोनी, विक्रम कसाना, कोच भुनेश्वर पाठक व अजीत सिंह शेखावत, शुभम, मोहित, रोहित, सुनील सैनी, सुभाष चौधरी आदि सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मालपुरा में 475 जनों ने रक्तदान किया

**मालपुरा, (निसं)।** प्रियंका हार्ट केयर फाउण्डेशन सोसायटी एवं अग्रवाल समाज आमचौरासी के संयुक्त तत्वावधान में शिवानी जैन मेमोरियल ट्रस्ट जयपुर की सहभागिता से स्व. भूली देवी धर्मपत्नि बद्री लाल जोशी सोडा की तृतीय पुण्यस्मृति पर रविवार को आदर्श नगर पाण्डुक शिला मालपुरा में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में 475 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

शिविर आयोजक परिवार के डॉ. आशा पीयूष जोशी ने बताया कि डॉ. जीएल शर्मा की माताजी स्व. भूली देवी जोशी की पुण्यस्मृति में आयोजित शिविर के शुभारम्भ समारोह में पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. सुरेन्द्र व्यास, क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी, एएसपी राकेश कुमार बैरवा, डॉ. जीएल शर्मा, डिग्गी पैलेस व डिग्गीघराने के ठाकुर रामप्रताप सिंह, जतन लाल जाट, डॉ. राकेश जैन, रूपचन्द आकोदिया, सेन्ट सॉल्जर शिक्षा समिति निदेशक बाबूलाल शर्मा, डॉ. मोनिका, अग्रवाल समाज चौरासी अध्यक्ष अनिल सुराशाही, युवा परिषद अध्यक्ष संजय संघी, कमल जैन कंदोई, च्यवन गौड ब्राह्मण समाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रहलाद राय शर्मा, पूर्व उपप्रधान गोपाल गुर्जर, मनिष सोनी, दिनेश विजय, भारतीय जीवन बीमा निगम में जांच अधिकारी एनएस जैन ने दीप प्रज्जवल्लित कर कहा कि रक्तदान से बढकर जीवन मे कोई दूसरा दान नहीं है।

रक्तदाता द्वारा किये गये रक्तदान की हर एक बूंद एक नये जीवन देती है। मालपुरा ही नही टोंक जिले के इतिहास में पहली बार रक्तदान का आंकडा 475 होने से रिकॉर्ड कायम हुआ।

अतिथियों व शिविर आयोजकों द्वारा सभी रक्तदाताओं को प्रशंषा पत्र व उपहार से सम्मानित कर रक्तदान के लिए दूसरो को प्रेरित करने का संदेश दिया। शिविर के दौरान प्रदेश के विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा दो हजार से अधिक रोगियो का स्वास्थ्य जांच निःशुल्क परामर्श दे निःशुल्क दवाईयां भी दी गई।




मालपुरा में आयोजित शिविर में डॉ. जीएल शर्मा सहित अतिथियों ने रक्तदाताओं को सम्मानित किया।



"मैं शिविर के अनुभव से कह सकता हूं कि खिलाड़ी सही दिशा में आगे बढ रहे हैं। डोमिनिका में पहले मैच से बस कुछ ही दिन दूर हैं, लेकिन यह एक युवा समूह है, जिसका नेतृत्व क्रैग ब्रैथवेट कर रहे हैं।"

– ब्रायन लारा

वेस्टइंडीज के पूवर क्रिकेटर भारत के खिलाफ श्रृखला को लेकर

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



## स्टोक्स

बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड टीम ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 3 विकेट से जीत दर्ज की। इंग्लैंड की इस जीत के साथ ही स्टोक्स ने टेस्ट क्रिकेट में एक बडा इतिहास रच दिया। स्टोक्स सबसे अधिक बार सफलतापूर्वक 250 प्लस का टारगेट चेज करने वाले कप्तान बन गए हैं। उनकी अगुवाई में इंग्लैंड ने 5 बार ऐसा किया है। स्टोक्स से पहले यह धांसू रिकॉर्ड भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के नाम दर्ज था। धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने 4 मर्तबा 250 प्लस का लक्ष्य हासिल किया। लिस्ट में तीसरे नंबर पर ब्रायन लारा और रिकी पॉंटिंग हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट विश्व कप के इतिहास में पहली गेंद 7 जून 1975 को लार्ड्स के मैदान पर भारत के मदनलाल द्वारा इंग्लैण्ड के डैनिश एमिस को फेंकी गई थी।

## श्रीलंका ने जीता विश्व कप क्वालीफायर

हरारे, 9 जुलाई । सहान अराच्चिगे (57) के जुझारू अद्धर्शतक और महीष तीक्षणा (31/4) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत श्रीलंका ने एकदिवसीय विश्व कप क्वालीफायर के फाइनल में रविवार को नीदरलैंड को 128 रन से रौंदकर खिताब अपने नाम किया।

सहान के अद्धर्शतक की सहायता से श्रीलंका ने नीदरलैंड के सामने 234 रन का लक्ष्य रखा। नीदरलैंड इसके जवाब में 105 रन पर ऑलआउट हो गयी। युवा ऑफ-स्पिनर तीक्षणा ने 6.3 ओवर में 31 रन देकर सर्वाधिक चार विकेट लिये। दिलशन मदुशंका ने सात ओवर में 18 रन देकर तीन विकेट लिये, जबकि वानिंदू हसरंगा ने सात ओवर में 35 रन देकर दो सफलताएं हासिल कीं। नीदरलैंड ने खिताबी मुकाबले में टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और श्रीलंका की धीमी शुरुआत के बाद उसके दोनों सलामी बल्लेबाजों को 44 रन पर पवेलियन लौटा दिया। पथुम निसंका ने 33 गेंद पर तीन चौकों की सहायता से 23 रन बनाये, जबकि सदीरा समरविक्रमा ने 23 गेंद पर 19 रन का योगदान दिया।

